हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 मई 2025



# बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी ने बदला मौसम, दो दिनों में ढाई इंच बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गर्मी की तपिश से परेशान शहरवासियों को पिछले दो दिनों से काफी राहत मिली है। बंगाल की खाड़ी से आ रही प्रचुर मात्रा में नम हवाओं के चलते अंचल में हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिल रही है। पिछले दो दिनों में ही अविभाजित राजनांदगांव जिले में ढाई इंच तक बारिश दर्ज कर ली गई है। इतनी बारिश से तापमान में भी चार डिग्री तक गिरावट देखने को मिली है। वहीं यह बारिश जलाशयों, नदी के साथ ही तालाबों के लिए भी संजीवनी साबित हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन और ऐसे ही हालात बने रहने की संभावना है।

बारिश होने के सिस्टम को लेकर जानकारी देते मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिण अरब सागर के कुछ भाग, मालदीप, कॉमरीन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग, उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में मानसून सक्रिय है। दक्षिण-पश्चिम मानसून के कुछ और भाग में सक्रिय होने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मंडल तक पूर्व-मध्य अरब सागर, उत्तर कर्नाटक और गोवा तट से सुदूर स्थित है। इसके प्रभाव एक कम दबाव का क्षेत्र इसी स्थान पर बना है। इसके बाद इसके और अधिक प्रबल होकर अवदाब के रूप में अगले 24 घंटे में बनने की संभावना है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका पंजाब से पूर्वी बांग्लादेश तक हरियाणा, उत्तरप्रदेश, झारखंड, उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल तथा सिक्किम होते हुए 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

## बारिश के बाद चार डिग्री तक लुढ़का तापमान, अगले दो दिन ऐसे ही रहेंगे मौसम के हाल

### अंधड़ के साथ होगी बारिश

प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन निम्न स्तर पर हो रहा है। प्रदेश में कल 23 मई को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश के सरगुजा संभाग और बस्तर संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने। जबकि बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।



### मोहला में अधिक बारिश

मौसम विभाग ने मंगलवार की शाम ही राजनांदगांव, एमएमसी सहित केसीजी जिले के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया था। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार बुधवार को राजनांदगांव जिले में 12 मिमी, मोहला-मानपुर जिले में 35.5 मिमी और केसीजी जिले में 23.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इससे एक दिन पहले भी मंगलवार को इन तीनों ही जिले में बारिश देखने को मिली थी।

## पुलिस ने की अब तक जिले में 1100 से अधिक लोगों की जांच, आगे भी चलेगा अभियान

# अवैध प्रवासियों की पहचान करने एसटीएफ ने चलाया अभियान, 56 संदिग्धों से पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों व अवैध प्रवासियों की धरपकड़ के लिए प्रदेश के बाकी जिलों के साथ राजनांदगांव के लिए बनाई गई एसटीएफ की टीम ने अपना काम शुरू कर दिया है। प्रदेशभर में चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले में भी पुलिस महकमे ने संदिग्ध लोगों की जांच पड़ताल की है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में ठेला-खोमचा लगाने वाले, फेरी लगाकर सामान बेचने वाले सहित 56 संदिग्ध लोगों को थाना बुलाकर पूछताछ की गई है। जिले में अब तक 11 सौ लोगों से पुछताछ की जा चुकीं है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में बांग्लादेश से आकर गैर कानूनी रूप से रह रहे दो लोगों की पहचान की जा चुकी है। ऐसे में प्रदेश के सभी 33 जिलों में स्पेशल टॉस्क फोर्स का गठन किया गया है। जिसके नेतृत्व की जिम्मेदारी एडिशनल एसपी और डीएसपी रैंक के अधिकारियों को सौंपी गई है। यह कदम केंद्र सरकार के निर्देशों के तहत उठाया गया है। जिसका मकसद अवैध प्रवासियों पर नकेल कसना है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं एएसपी राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना और चौकी प्रभारियों द्वारा बाहरी लोगों की पहचान के लिए एक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 100 से अधिक लोग, जिनमें जिला के साथ ही प्रदेश के बाहर से आने वाले संदिग्ध लोगों व घुमंतूकों, अप्रवासीय भारतीय, फेरी वाले, खोमचा वाले की जांच की गई। जांच के दौरान इनमें से 56 संदिग्ध लोगों की पहचान पत्र के जरिये जांच भी की गई।



### थाने में रखा जाएगा रिकार्ड

पुलिस अधिक्षक मोहित गर्ग ने सभी थानेदार एवं चौकी प्रभारियों को साफतौर पर निर्देशित किया है कि इस अभियान के बाद भी चेकिंग की प्रक्रिया होती रहे। वहीं संदिग्ध लोगों की जांच के बाद उनका पूरा डाटा संबंधित थानों में रखा जाए। ज्ञात हो कि राजनांदगांव पुलिस द्वारा 100 से अधिक संदिग्ध को चेक किया गया। जिसमें से 56 लोगों के आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि चेक कर उनका फिंगरप्रिंट व उनकी जांच हुई। पुलिस का मानना है कि इससे चोरी एवं अन्य अपराधों में लगाम लगाया जा सकेगा।

### एएसपी सहित डेढ़ दर्जन टीआई शामिल

एसटीएफ टीम राजनांदगांव जिले के लिए भी बनाई गई है। जिसके लिए एएसपी राहुल देव शर्मा को प्रभारी नियुक्त किया गया है। एसटीएफ टीम में चार डीएसपी और 18 इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी शामिल हैं। बताया गया कि राजनांदगांव में पहले भी बांग्लादेशी घुसपैठ के कई मामले सामने आ चुके हैं। जिसके चलते इस जिले पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### थानेवार इतनों की हुई जांच

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले के अलग-अलग थानों में संदिग्धों की जांच हुई है। इनमें थाना कोतवाली द्वारा 8 संदिग्ध, थाना सोमनी द्वारा 20 संदिग्ध, ओपी तुमड़ीबोड़ द्वारा 7 संदिग्ध, ओपी सुकुलदैहान द्वारा 6 संदिग्ध, थाना बागनदी द्वारा 4 संदिग्ध, थाना छुरिया द्वारा 1 संदिग्ध, थाना डोंगरगांव द्वारा 6 संदिग्ध एवं थाना डोंगरगढ़ द्वारा 03 संदिग्धों का फिंगरप्रिंट लेकर तथा आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि लेकर उनको तस्दीक किया गया।

## पुलिस का अभियान...दो दिन में ढाई सौ वारंटियों की जांच

**मोहला।** जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी पुलिस द्वारा 2 दिवसीय विशेष अभियान चलाकर 250 से अधिक समंस, वारंट व तामिल किया गया।



पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन में दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। 2 दिवस 21 और 22 मई को समंस, वारंट तामिली का विशेष अभियान जिला पुलिस द्वारा चलाया गया। जिसमें जिले के 30 टीम ने भाग लिया और जिले एवं दीगर जिलों से अलग-अलग टीम को भेजकर समंस, वारंट की तामीली कराई गई। अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा वारंट तामिल करने हेतु थाना मोहला, अं. चौकी, मानपुर की टीम को कांकेर, राजनांदगांव जिले की ओर रवाना किया गया। उक्त टीमों के प्रभावी रूप से प्रयास करने पर वारंट, समंस, स्थाई वारंट तामिल करने में विशेष सफलता प्राप्त हुई। विशेष अभियान के तहत जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी पुलिस द्वारा जिले के अलग-अलग थानों से 177 समंस, 78 जमानतीय वारंट, 5 गिरफ्तारी वारंट एवं 2 स्थाई वारंट तामिल किए गए। जिलेभर में 2 दिनों में कुल 262 समंस व वारंट तामिल किया गया है।



## डोंगरगढ़ स्टेशन का पीएम ने किया वर्चुअल उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धर्मनगरी के सुविधाजनक रेलवे स्टेशन सहित देश के 103 अन्य स्टेशनों का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल



माध्यम से किया। डोंगरगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे थे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर 50 हजार करोड़ की इस विकास की परियोजना के साक्षी बने। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल राजपूत, पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर, दिनेश गांधी, किरण साहू, सौरभ कोठारी, सीटीपीएम हमेन्द्र कुमार, एसआरडीईई उस्मान सिध्दीकी, डीएसटीई अभिनव जारोलिया, एईएन ऋषभ यादव, एएसटीई जितेन्द्र तिवारी, स्टेशन प्रबंधक डीसी प्रमोद आदि उपस्थित थे। सांसद पांडे ने केन्द्र सरकार की अमृत स्टेशन आधुनिक भारत की कल्पना को साकार करने का दायित्व निभाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री सहित केन्द्र सरकार को जनता की ओर से बधाई दी। आधुनिक सुविधाजनक रेलवे स्टेशन, रेल मार्ग के विस्तार, 18 अंडरब्रिज, ओवरब्रिज, फोरलाईन निर्माण, स्टेशन के कायाकल्प को जनता के समक्ष रखा।

## सायबर अपराध, लोगों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सायबर अपराध सहित महिलाओं से संबंधी अपराध के संबंध में ग्राम सुंदरा एवं रेवाडीह में पुलिस ने लोगों को जागरूक किया। महिलाओं की तत्कालिक सुरक्षा के लिए मोबाइल पर अभिव्यक्ति ऐप इंस्टाल कराया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अभिव्यक्ति कार्यक्रम के तहत महिला प्रकोष्ट एवं रक्षा टीम प्रभारी उनि. शारदा बंजारे द्वारा अपने स्टाफ के साथ 19 मई को ग्राम रेवाडीही, 22 मई को ग्राम सुंदरा पहुंचकर लगभग 100 से अधिक की संख्या में उपस्थित महिला एवं बच्चों को महिला संबंधी अपराध जैसे घरेलू हिंसा, शारीरिक हिंसा, मानसिक हिंसा, आर्थिक हिंसा, यौन हिंसा एवं अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड की जानकारी व ऐप से मिलने वाली पुलिस सहायता की जानकारी देकर एसओएस आपातकाल व शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया बताकर सेल्फ डिपेंड की जानकारी दी गई।

0 सायबर अपराध से बचने दी जानकारी

साथ ही सायबर अपराध से बचने के लिए फेसबुक, वाट्सअप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम में अंजान व्यक्ति से फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार न करने, अपना फोटो व आधार एवं ओटीपी दूसरो को शेयर नहीं करने की सलाह दी गई।

इस अवसर पर महिला प्रकोष्ट एवं टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक शारदा बंजारे, महिला आरक्षक मीनाक्षी अहीर, रेणु मेश्राम, आरक्षक अमित कुमार, पूरन वर्मा एवं ग्राम रेवाडीह पार्षद वीना ध्रुव एवं ग्राम सुंदरा सरपंच हिपेन्द्र साहू उपस्थित थे।

## जिले के 53 केंद्रों में आयोजित की गई थी प्री-डीएलएड, बीएड की परीक्षा

# शिक्षक बनने 22 हजार ने दी परीक्षा, आसान सवाल से खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में आयोजित प्री-बीएड, प्री-डीएलएड परीक्षा में कई केन्द्रों के बाहर पिता बच्चों को संभालते दिखे। जिलेभर में 22 हजार 772 परीक्षार्थियों के लिए आयोजित हुई इस परीक्षा में कई मार्मिक दृश्य नजर आए। कुछ परीक्षा केन्द्रों के बाहर अपने दुधमुंहे बच्चे को लेकर पहुंची माताएं उन्हें पिता के पास रोता छोड़कर परीक्षा केन्द्र के भीतर पहुंची। इधर बच्चे को पिता लगभग ढाई घंटे तक बहलाते रहे।

शिक्षक बनने की चाहत लिए हजारों युवाओं ने प्री-बीएड और प्री-डीएलएड की परीक्षा दी। इसके लिए जिले में 53 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। पहली पाली में सुबह 10 बजे से 12.15 बजे तक प्री-बीएड की परीक्षा आयोजित हुए। वहीं दोपहर 2 बजे से 4.15 बजे तक प्री-बीएलएड की परीक्षा संपन्न हुई। शिक्षक बनने के लिए आयोजित हुई इस परीक्षा में युवाओं का खासा उत्साह नजर आया। परीक्षा को लेकर खासकर युवतियों और महिलाओं ने अपनी खासी तैयारी की हुई थी। इस परीक्षा को लेकर महिलाओं में खासी रूचि रहती है।



### सभी प्रश्न किए हल

प्री-बीएड की परीक्षा देकर निकले खिलेंद्र कुमार, आशा साहू, सोनम सिन्हा, दिलेश्वरी साहू ने कहा कि परीक्षा में जैसी उनकी तैयारी थी, वैसे ही प्रश्न आए थे। उन्होंने कहा कि सारे प्रश्न सिलेबस से थे। उन्होंने कहा कि माइनस मार्किंग नहीं होने की वजह से सभी प्रश्न हल करने का प्रयास किया है। वहीं सामान्य ज्ञान, हिंदी, इंग्लिश से अच्छे प्रश्न आए थे। सुबह 10 बजे से आयोजित इस परीक्षा के पहले ही सभी परीक्षार्थी अपने परीक्षा केन्द्रों तक पहुंच गए थे। वहीं इनमें से कई ऐसे भी परीक्षार्थी थे, जो दोनों पालियों में अपनी परीक्षा दे रहे थे। इन परीक्षार्थियों को टाइम मैनेजमेंट को लेकर थोड़ी सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

**24 केन्द्रों में हुई प्री-बीएड परीक्षा :** दिग्विजय महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं सहायक समन्वयक प्री-बीएड एग्जामिनेशन डॉ. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि प्री-बीएड के लिए प्रथम पाली में 24 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जिसमें कुल परीक्षार्थियों की दर्ज संख्या 8504 थी। इस परीक्षा में 5895 परीक्षार्थी ही उपस्थित रहे। वहीं 2609 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में दोपहर 2 से 4.15 बजे तक 53 केन्द्रों में प्री-डीएलएड की परीक्षा आयोजित हुई। इस परीक्षा के लिए कुल 14268 परीक्षार्थियों ने फार्म भरा था। जिसमें 11119 परीक्षार्थी ही उपस्थित रहे। वहीं 3149 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

**0 राजनांदगांव।** नौतपा लगने से पूर्व अंचल के किसानों ने किसानी संबंधी प्रारंभिक कार्य शुरू कर दिया है। इन दिनों किसान खेतों की सफाई व मेढ़ को व्यवस्थित कर रहे हैं।

### माए एंगल












## खबर संक्षेप

### आयुष राजनांदगांव जिले में रहा प्रथम

**गंडई पंडरिया।** नगर में संचालित निःशुल्क नवोदय- प्रयास कोचिंग संस्थान गंडई के छात्रों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। संस्थान के तीन बच्चों का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा में हुआ है, जिसमें आयुष पटेल ने अविभाजित राजनांदगांव जिले में पहला स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। माध्यमिक शाला लिमो के छात्र आयुष पटेल ने इस परीक्षा में 126 अंक प्राप्त किया है। यह उनकी कड़ी मेहनत और कोचिंग संस्थान के मार्गदर्शन का परिणाम है। इसी प्रकार माध्यमिक शाला जगमड़वा के टीकेन्द्र साहू ने 40 वां स्थान और माध्यमिक शाला संडी के विकास कुमार धुर्वे ने 53वां स्थान प्राप्त किया है। इन छात्रों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रति माह 1000 रुपए की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। इन बच्चों को कोचिंग सेंटर के संयोजक कौशल राजपूत, प्रधान पाठक यांत्री पौडवाल, राजेश श्रीवास्तव, उज्जवल नामदेव, खेमशंकर साहू, भागचंद साहू, बिरेन्द्र वर्मा, खेमलाल जंघेल, महेश वर्मा, मायाराम राठौर, दीपक मिश्रा, रत्नाकर आदि ने बधाई दी है।



### राजीव गांधी को किया नमन

**डोंगरगढ़।** ग्राम घोटिया में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाया गया। कांग्रेसजनों ने उनके चित्र की पूजा अर्चना कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर उनके योगदान को याद करते हुए डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिंन्हा ने कहा उन्होंने कंप्यूटर लाकर डिजिटल युग की शुरूवात करने के अलावा पंचायती राज की स्थापना किया था। इस मौके पर शरबत वितरण किया गया।



### सीएम से हास्पिटल खोलने की मांग

**डोंगरगढ़।** मुख्यमंत्री के राजनांदगांव प्रवास के दौरान नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के अध्यक्ष देवेन्द्र साहु ने मुलाकात करके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत करने का निवेदन किया। उन्होंने बताया कि लाल बहादुर नगर को नगर पंचायत और तहसील का दर्जा प्राप्त है। यहां वनांचल के लगभग 50-60 गांव के लोग आते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और डाक्टर नहीं होने से लोगों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल रही है। लोगों को उपचार के लिए राजनांदगांव के शासकीय एवं निजी अस्पताल जाना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने लाल बहादुर नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने का आश्वासन दिया है।



### समर कैंप का समापन

**डोंगरगढ़।** पीएमश्री प्राथमिक शाला कंडरापारा में समर कैंप का आयोजन 12 से 21 मई तक किया गया। पहले दिन कैंप का उद्घाटन बीईओ श्रीमती विरेन्द्र कौर, बीआरसी इनायत अली, सीएसी सुरेश सहारे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक बच्चों को खिलौना बनाना, मिट्टी की मूर्ति बनाना अमित वर्मा, खेल, योगा, संगीत हिलेश्वर वर्मा, खेल खेल में शिक्षा, साँस्कृतिक कार्यक्रम भारती साहू, रंगोली निशा मिश्रा, मेहंदी, चित्रकला सुषमा देवांगन, प्रधान पाठक बाया वर्मा के निर्देश पर सिखाया गया। कैंप का समापन बीआरसी इनायत अली की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर बच्चों को पुरुस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### मृतकों को अर्पित किया श्रद्धासुमन

**डोंगरगढ़।** अग्रवाल सभा कार्यकारिणी की बैठक गत दिनों आयोजित की गई। बैठक में हैदराबाद के चारमीनार के पास लगी आग से 17 अग्रबंधु की मौत पर शोक व्यक्त किया गया। समाज के लोगों ने कहा कि इस क्षति को पूरा नहीं किया जा सकता। इस दौरान अग्रवाल सभा ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सचिव महेंद्र अग्रवाल, सिद्ध गोपाल नरेडी, मयूर अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, पूनम बिंदल, नवदीप अग्रवाल, रितेश पचेरीवाला, राजेश अग्रवाल, चेतन अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।



### नशेबाज वाहन चालकों पर कार्रवाई

**डोंगरगढ़।** पुलिस द्वारा शहर एवं गांव के असामाजिक तत्वों, बदमाशों आदि के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। थाना लाकर पुछताछ एवं संदेहियों का डोजियार तैयार किया जा रहा है। इसी क्रम में एसडीओपी आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा एवं स्टाफ ने नशे के हालत मे वाहन चलाने वाले, अनावश्यक तीन सवारी घूमने, यातायात नियमो का उलंघन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही किया है। अन्य राज्य से आए मुसफिरों से पूछताछ कर फिंगर प्रिंट लिया जा रहा है।

### शिक्षक कर रहे मनमानी

**डोंगरगढ़।** वनांचल के ग्राम तोतलभर्री प्राथमिक शाला में दो शिक्षक उभेराम वर्मा और शंकर लाल सलामे पदस्थ हैं। ग्रामीणो ने इन शिक्षकों पर शराब सेवन कर स्कूल आने, ड्यूटी समय में शराब सेवन करने, अध्यापन नही कराने का आरोप लगाते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी से शिकायत किया था। बीईओ ने संकुल प्रभारी ढारा से जांच कराया था। जांच में शिकायत सही पाया गया था किन्तु कार्यवाही नहीं हो सकी है। इन शिक्षकों को नियमित वेतन का भुगतान किया जा रहा है। इन शिक्षकों की मनमानी इतनी बढ़ गई है कि वर्तमान सत्र में कक्षा 1 ली से 4 तक के बच्चों की अंकसूची नहीं बनाया है।

## दुर्घटना होने की आशंका, खुला पड़ा है चेंबर

# सड़क किनारे बना दिया चेंबर

## नागरिकों में पनप रहा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

लगभग चार बरस के जद्दोजहद के बाद छुईखदान से दनिया सड़क पूर्णतः की ओर है लेकिन सड़क निर्माण में गड़बड़ी थमने का नाम नहीं ले रही है।

सड़क निर्माण की लेट लतीफी और मटेरियल की गुणवत्ता की शिकायत के बीच बन रही सड़क पर अब भी सवाल उठ रहे हैं। कंडरापारा से उदयपुर मार्ग पर किनारे गड्ढा खोदकर चेंबर बना दिया गया है जिसमें कभी भी दुर्घटना हो सकती है। चेंबर को न तो ढका गया और न सूचना बोर्ड लगाया है। दुर्घटना की आशंका के बीच ठेकेदार आनन फानन में निर्माण पूर्ण करने में लगा है वहीं अधिकारी गुणवत्ता को लेकर निष्क्रिय बने हुए हैं।



### सड़क से ऊंची नाली

व्यवहार में देखा गया है कि सड़क किनारे नालियों निर्माण पर विशेष ध्यान में रखा जाता है लेकिन नगर पंचायत के वार्ड 3, वार्ड 4, वार्ड 9, वार्ड 2 को जोड़ने वाली सड़क में नली का निर्माण अजूबे तरीके से किया गया है। यहां नली की ऊंचाई सड़क से अधिक है। सवाल यह है कि बरसात में सड़क में बहने वाली पानी नाली में कैसे जाएगा? जिसे लेकर अब जांच की मांग उठने लगी है।

### मुआवजा देने में हीला हवाला

सड़क निर्माण के दायरे में आने वाले घर जमीन को नुकसान पहुंचने पर शासन द्वारा मुआवजा दिया जाता है लेकिनछुईखदान से दनिया सड़क में मुआवजा राशि वितरित करने में लापरवाही बरतने की शिकायत आने लगा है।

# बाइक ने बस को मारी टक्कर, युवक गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई नगर के विश्रामगृह के पास सुबह लगभग 8.30 बजे एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने सामने जा रही बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे में घायल बाइक चालक की पहचान उत्कर्ष निषाद पिता विजय निषाद निवासी अर्जुनी के रूप में हुई है। वहीं बाइक के पीछे बैठे रितेश निषाद पिता हमशा निषाद को भी चोटें आई है।

प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को कवर्धा जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करीब 22 वर्षीय उत्कर्ष निषाद राजनांदगांव रोड से काफी तेज गति से अपनी बाइक चलाते ओर आ रहा था। गंडई रेस्ट हाउस के पास नियंत्रण खो दिया और बस स्टैंड की ओर जा रही बस के पिछले हिस्से से टकरा गया। इस हादसे में उत्कर्ष निषाद की नाक के नीचे गंभीर चोटें आईं, जिससे लगातार रक्तस्त्राव होने लगा। हादसे की सूचना मिलते ही 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को शासकीय अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उत्कर्ष की हालत को देखते हुए रेफर कर दिया।

## कलेक्टर पहुंचे नर्मदा मंदिर और चोरड़ाधाम कार्य योजना बनाकर किया जाएगा विकास



**सड़क अतरिया।** कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुरूवार को जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल में से एक प्राचीन नर्मदा मंदिर एवं चोरड़ाधाम का निरीक्षण किया। उन्होंने मां नर्मदा की पूजा अर्चना किया। कलेक्टर ने नर्मदा कुंड, मंदिर में स्थित प्राचीन गणेश, विष्णु, शिव आदि की ऐतिहासिक प्रतिमा, पत्थरों से निर्मित गर्भ गृह एवं मंदिर का अवलोकन किया।

वहीं चोरड़ाधाम पहुंच कर मंदिर के प्राचीन जल स्त्रोत के बारे में जाना। यहां किये जाने वाले आवश्यक निर्माण कार्यों को परखा। उन्होंने कहा कि दोनों जगह पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना है जिसके लिऐ एक कार्य योजना बनाकर विकास को गति दिया जाएगा। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से राय लिया। मंदिर में बैठक आहुत कर विकास की योजना बनाने की बात कही। उन्होंने मंदिर की व्यवस्था को संभालने के लिए समिति की आमदनी तलाशने की बात कही। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, मंदिर समिति के अध्यक्ष बिसाहूराम सिन्हा, अनुविभागीय अधिकारी अविनाश ठाकुर, सरपंच लालचंद पटेल, प्रकाश जंघेल, दूजेराम वर्मा, कोमल दुबे, गुलशन जंघेल, भैरवसिंह, राजू जंघेल, डोमार सिंह भेडिया, गणेशराम वर्मा आदि मौजूद थे।

# खतरे में आई जंगल और वृक्षों की सुरक्षा

## फेंसिंग तार पोल को पहुंचा रहे नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जंगलों में कूप कटिंग करने के बाद बचे ठूठ से निकलने वाले पौधों को मवेशियों से बचाने फेसिंग तार पोल लगाया जाता है ताकि वृक्षों की उत्पत्ति हो सके। कुछ सालों पहले बाघमाडा जंगल के पास मुख्य मार्ग के किनारे पर स्थित

जंगल मे कूप कटिंग कराया गया था। लगभग 5 से 7 साल पहले एनआर के तहत जंगल को फेसिंग तार पोल से घेरा गया था। इसी वर्ष उक्त फेसिंग पोल तार में आरडीएफ अर्थात बिगड़े वनों की सुधार के तहत कार्य कराया गया था जिसमे से आधा दर्जन से अधिक पोल को नुकसान पहुचाया गया है। कुछ पोल टूट गए हैं और कुछ पोल धराशायी हो गए है।



### बिना गड्ढा किए लगाया पोल

ग्रामीणों के अनुसार बाघमाडा जंगल के मुख्य मार्ग किनारे लगाए गए अधिकांश पोल को बिना गड्ढा किये पत्थरों से घेर कर गिट्टी रेत सीमेंट का मसाला लगा दिया गया था जिसके कारण फेसिंग तार पोल मजबूत नही है और हल्का धक्का देकर गिराया जा सकता है। इस मामले पर जानकारी लेने विभाग से संपर्क किया गया तो बताया गया कि मवेशियों ने फेसिंग तार पोल को गिराया होगा।

### वृक्षों की बेजा कटाई

बता दे कि क्षेत्र के अधिकांश जंगलों में पेड़ो की लगातार अवैध कटाई हो रही है।पहले जहां पहाड़ों पर स्थित पेड़ो के कारण पहाड़ का तल नजर नही आता था, वहीं पेड़ो की अंधाधुंध कटाई के चलते अब दूर दूर तक के पहाड़ों के तल को आसानी से देखा जा सकता है। फेसिंग तार पोल के कारण अवैध कटाई पर कुछ हद तक रोक लगी थी परंतु पोल के धराशायी होने के कारण अवैध कटाई की आशंका बनी हुई है।

# गणित और कॉमर्स से बच्चों को जोड़ने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने दसवीं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए कैरिया निर्माण कार्यशाला का आयोजन सेजेस स्कूल में किया। इस कार्यशाला में गणित एवं कॉमर्स विषय के व्याख्याता शामिल हुए।

जिले में यह पहला अवसर है जब जिला शिक्षा अधिकारी ने दसवीं उत्तीर्ण होने के बाद विषय चयन में बच्चों को आने वाली कठिनाइयों के निराकरण के लिए इस प्रकार का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बच्चों के प्रश्नों का जवाब देते हुए उनके कैरियर और भविष्य निर्माण के लिए सूक्ष्मता से सभी बच्चों को विषय चयन, पालकों- शिक्षकों एवं स्वयं की रुचि के आधार पर अपनी क्षमताओं के आधार पर विषय का चयन करने पर फोकस किया गया। कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को गणित, कॉमर्स, बायो एवं आर्ट्स विषय से कैरियर ऑप्शंस के बारे में बताया। उन्होंने कोर्स को करने के लिए मौजूद संस्थाएं और वहां मिलने वाली सुविधा के बारे में भी बताया।



### छुरिया के बच्चे हुए शामिल

कार्यशाला में छुरिया विकासखंड के सभी हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी के गणित एवं कॉमर्स विषय के व्याख्याता तथा 60 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चे शामिल हुए। इसी क्रम में 24 मई को विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन डोंगरगढ़ में रखा गया है। कार्यशाला मेंबीईओ छुरिया प्रशांत चितवरकर, बीईओ डोंगरगांव आरएल पात्रे, पीडी साहू, अरविंद रत्नाकर, एबीईओ जयंत साहू आदि शामिल हुए।

### बच्चों की दिक्कतों को करें हल

जिला शिक्षा अधिकारी ने विषय शिक्षकों से गणित विषय एवं कैरियर निर्माण करने में बच्चों को आ रही दिक्कतों को सुलझाने कहा, जिससे ज्यादा से ज्यादा बच्चे गणित और कॉमर्स जैसे विषय को लेकर कैरियर को बेहतर बना सकें। उन्होंने बताया कि उन संस्थाओं के शिक्षकों और प्राचार्यो की अतिरिक्त कार्यशाला लिया जायेगा जहां गणित अथवा कॉमर्स के बच्चों की संख्या निरंतर कम हो रही है।

# शहर में बनेगा भव्य विद्यासागर प्रवेश द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

वर्तमान के वर्धमान के रूप मे विख्यात जैनाचार्य विद्यासागर महाराज के नाम से शहर में भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण होगा। इसकी पहल नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता ने किया था। श्री गुप्ता के आवेदन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंजूरी दिया है। जानकारी के अनुसार जैन समाज के अनुयायियों की आबादी और आचार्य विद्यासागर महाराज के प्रति श्रद्धा को देखते हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता गत 16 अप्रैल को श्री विद्यासागर प्रवेश द्वार निर्माण के लिए मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किया था। उन्होंने इसके लिए 5 लाख की माँगा किया था। मुख्यमंत्री ने स्वीकृत कर दिया है। इसी प्रकार नगर में निवासरत कुंभकार और कंडरा समाज के लोगों को व्यवस्थित बाजार मुहया कराने के लिए 10 लाख का प्रस्ताव भेजा था, जिसकी भी मंजूरी मिल गई है। स्वीकृत राशि से पसरा निर्माण किया जाएगा। आचार्य विद्यासागर प्रवेश द्वार और पसरा निर्माण की पहल का सभी ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय और नपं उपाध्यक्ष श्री गुप्ता का आभार व्यक्त किया है।



## श्रद्धा के साथ मनायी देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वी जयंती

# मणिकंचन केंद्र की स्वच्छता दीदियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

महान शासिका देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में गंडई के मणिकंचन केंद्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने देवी अहिल्याबाई के प्रेरणादायी जीवन और उनके जनहितैषी कार्यों को याद किया। अध्यक्ष श्री खुशरो ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने अपने जीवनकाल में जनता की भलाई के लिए हर संभव कार्य किए। हमें भी उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि अहिल्याबाई ने प्यासे के लिए पानी, भूखे के लिए अन्न और धर्म के लिए मंदिरों की स्थापना की थी। उन्होंने सभी से पानी की बर्बादी रोकने के लिए खुले नलों को बंद करने, सफाई के प्रति जागरूक रहने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में पार्षद दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू, अशोक पटेल, अमन सोनी, सुमन पटले, राकेश निषाद, मनीष सोनी सहित अन्य शामिल हुए। इस दौरान स्वच्छता दीदियों का शासन से प्राप्त स्वच्छता किट प्रदान किया गया। मणिकंचन केंद्र की सुपरवाइजर राखी खान, संजू देवांगन, गायत्री देवांगन और सलीना खान भी इस दौरान उपस्थित थीं। पार्षद दिलीप ओगरे ने स्वच्छता दीदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया। स्वच्छता दीदियों ने बताया कि मणिकंचन केंद्र का शौचालय खराब हो रहा है जिसकी मरम्मत कराना आवश्यक है। नगर अध्यक्ष ने जल्द ही मरम्मत कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सीएमओ अविनाश देवांगन और राजस्व विभाग के महेंद्र कश्यप सहित अन्य मौजूद रहे। बताया गया कि देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में राज्य शासन की मंशानुसार 21 से 31 मई के मध्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इन दस दिनों में जनजागरण, संगोष्ठी, महिला सम्मान समारोह, सफाई अभियान, जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार, खेलकूद और सामाजिक संगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण जैसी विविध गतिविधियां करना है।



### मंदिर की किया सफाई



**चौकी।** देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी मे भाजपा मंडल ने श्रीराम मंदिर की सफाई किया। इस अवसर पर दिलीप वर्मा, कमलेश सारस्वत, आशीष द्विवेदी, पवन गुप्ता, देवनारायण कुंभकार, विमल यादव, इश्वरी धुर्वे, मोहन जैन, संतोष साहू, धर्मेंद्र साहू, लता मंडावी, खिलेश मंडावी, रामनारायण नेताम, संतोष विश्वकर्मा, राजू खंडेलवाल, दिलीप कौशिक, सिद्धार्थ खंडेलवाल उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में जिले को दो पदक

**राजनांदगांव।** बैंगलोर में आयोजित 71वीं राष्ट्रीय शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 17 से 18 मई को महारानी कॉलेज आडिटोरियम बैंगलुरू में संपन्न हुई। जिला शरीर सौष्ठव संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी व जिला शरीर सौष्ठव संघ के सचिव शेख वसीम ने संयुक्त रूप से बताया कि इंडियन फिटनेश बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप में राजनांदगांव जिले से तीन खिलाड़ियों ने भाग लिया। उक्त स्पर्धा में जिले को 2 पदक प्राप्त हुए। भारत उदय जूनियर वर्ग में गुलशन सिन्हा को कांस्य पदक एवं जूनियर वर्ग में भारत किशोर में तुषार सोरी ने रजत पदक प्राप्त करने में सफलता हासिल की। इसी वर्ग में विक्रम को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। इस स्पर्धा में सभी राज्यों के 175 खिलाड़ियों ने भाग लिया। छग प्रदेश के टीम कोच के रूप में तामेश्वर बंजारे कोच एवं राष्ट्रीय निर्णायक के सदस्य के रूप में अपनी सहभागिता दी। उक्त नवोदित खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेकर जिले के लिए पदक जीतने पर हर्ष का माहौल है। उक्त सफलता पर अमित आजमानी, शेख वसीम, विवेक रंजन सोनी, नीरज शुक्ला, अजय श्रीवास्तव, बसंत मैगी, जग्गू सिंह ठाकुर, दीपक सोनी, अशोक श्रीवास, दीपक ठाकुर, दाउद खान, अजय लोहार, नाहिद अख्तर, नारायण लोहार आदि ने शुभकामनाएं दी। यह जानकारी शेख वसीम ने दी।

## जिले में अवैध कारोबारियों पर नेता नहीं कस पा रहे लगाम

# भट्ठा संचालक की दबंगई, कार्रवाई के बाद भी जब्त ईंटों को बेच रहा

## खनिज विभाग ने ट्रैक्टर को पकड़कर थाना को किया सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पत्रकारों से बदसलूकी के मामले मे प्रशासनिक कारवाई होने के बाद भी अवैध ईंट भट्ठा संचालक की दबंगई कम होने का नाम नही ले रही है। बुधवार बारह बजे के आसपास लगभग पांच लाख ईटों की जब्ती बनाकर एसडीएम अविनाश ठाकुर सहित राजस्व व खनिज विभाग के लौटे ही थे कि गुरूवार सुबह बकायदा ट्रैक्टर में भरकर सप्लाई करने लग गया। जब्त ईटों को ले जाने की सूचना पर एसडीएम अविनाश ठाकुर के निर्देश पर खनिज विभाग के बबलू पांडेय ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को पकड़ा और गंडई थाने में खड़ा कर दिया है।

इस पूरे मामले को गंभीरता से देखे तो पता चलता है कि सत्ता सुख के लालच मे भाजपाई बेलगाम हो गए है। प्रशासनिक कारवाई को दरकिनार कर अपनी मर्जी चला रहे है।

अल्प समय में ज्यादा कमाने के चक्कर में खुलेआम नियमों की धज्जियॉ उड़ा रहे है इस बात को दिल दिमाग से निकालकर कि वो किस विचारधारा को मानने वाली पार्टी के लोग है।



### कौन है लालू, सभापति या अध्यक्ष - उपाध्यक्ष

कांग्रेस के मिशन संडे अभियान के दौरान सीएमओ नरेश वर्मा के साथ विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन की तीखी नोंकझोंक भी शहर मे चर्चा का विषय बनी हुई है। हर संडे शहर में नपा की पोल खोलने जारी अभियान के तहत पिपरिया वार्ड में बोर समस्या को लेकर कांग्रेस नेता मनराखन देवांगन ने सीएमओ नरेश वर्मा को मोबाईल काल किया इस दौरान उन्होंने कहा कि बोर सुधरवाने लालू को कह दिया हूॅ बस इसी एक शब्द पर मनराखन देवांगन का पारा चढ़ गया और उन्होंने सीएमओ से पूछ लिया कि आखिरकार लालू कौन है, नपा का अधिकारी कर्मचारी, सभापति या अध्यक्ष उपाध्यक्ष। इसी बात को लेकर नपा आफिस मे गुरूवार दोपहर अनायास दोनों आमने-सामने हो गए और बात बहस में तब्दील हो गई, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को अलग किया। अब शहर में इस बात को लेकर चर्चा जोरों से है कि लालू है कौन और लोग नपा आफिस में इसका पता लगा रहे है। सूत्रों से पता चला है कि सीएमओ नरेश वर्मा जिस लालू नामक व्यक्ति का नाम बोर सुधरवाने के लिए ले रहे है वो हकीकत मे तुरकारी पारा वार्ड पार्षद रेखा गुप्ता का पति विकेश है जिसका नाम नपा मे टॉयलेट साफ करने के एसिड, झाड़ू, फिनाइल और ब्लीचिंग पावडर के अलावा बिना जीएसटी बिल लगाए स्टेशनरी सप्लाई के लिए काफी उछला था और रही सही कसर धान खरीदी के दौरान समितियों में मनमाने रेट पर सुतली और रंग सप्लाई करने के लिए आया था। दोनों मामलों को देखने पर पता चलता है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता अपने ही उन कतिपय साथियों की लगाम कसने में असमर्थ साबित हो रहे है, जो नियम कानून का दरकिनार कर सत्ता सुख का असीम आनंद पाने हर संभव प्रयास कर रहे है, लेकिन उनकी इन हरकतों से पार्टी की फजीहत हो रही है।

# छत्तीसगढ़ हॉकी की अनिशा और गीता अर्जेंटीना में दिखाएंगी जौहर

**राजनांदगांव।** बैंग्लोर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही जूनियर इंडिया कोर टीम में शामिल प्रदेश की अनिशा साहू और गीता यादव का चयन अर्जेंटीना के रोसारियो में खेले जाने वाले 4 नेसन हॉकी टूर्नामेंट के लिए किया गया है। यह टूर आने वाले समय में आयोजित जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 की तैयारियों को लेकर किया जा रहा है। इस 24 सदस्यीय टीम में से उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन दिसंबर में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ हॉकी जूनियर महिला विश्वकप के लिए किया जाएगा। ज्ञात हो कि अनिशा साहू विगत 4 वर्षों से जूनियर टीम की सदस्य के रूप में शामिल है तथा गीता यादव भी विगत 2 वर्षों से जूनियर इंडिया टीम के सदस्य के रूप में शामिल हुई है और उन्होंने अपने खेल के प्रदर्शन के आधार पर यह जगह बनाई है।

- प्रदेश की बेटियों ने बढाया मान




नेशन टूर्नामेंट में भाग लेने के पूर्व अनिशा बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा कर चुकी है। भारतीय हॉकी टीम की ओर से यह उसका तीसरा दौरा होगा, जब वह जूनियर महिला इंडिया टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करेगी। छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त टूर्नामेंट में भारत अपना पहला मैच चिली के साथ खेलेगी। अनिशा साहू और गीता यादव के अर्जेंटीना 4 नेसन टूर्नामेंट में चयन होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, खेल मंत्री टंकराम वर्मा , महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक सचिन बघेल, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, महासचिव विक्रम सिसोदिया, फिरोज अंसारी मनीष श्रीवास्तव, डी रविशंकर, ए.एक्का, हरिंदर सिंग, विनीता नवघरे, मंजुला बिस्वास, गोपेस्वर कहरा, राजेश मंडावी, पुष्कल अरोरा, अजित चंद्रवंशी, आशा थॉमस, नीलमचंद जैन, अमिताभ मानिकपुरी, गजेंद्र शर्मा, तुलसी साहू, रश्मि संध्या एक्का, शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, भूषण सॉव, नरेश डाकलिया, गणेश प्रसाद शर्मा, ज्ञानचंद जैन, अनुराज श्रीवास्तव, मृणाल चौबे, कुमार स्वामी, दीपक यादव, आशीष सिन्हा, महेन्द्र सिंह ठाकुर, योगेश द्विवेदी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, छोटेलाल रामटेके, विरेन्द्र सिंग भाटिया, खुशाल यादव, सचिन खोब्रागढे, राजू रंगारी, गुणवंत पटेल, अब्दुल कादिर, राजेश निर्मलकर, शकील अहमद, किशोर धीवर, खेमराज सिन्हा, अभिनव मिश्रा, दीपेश चौबे, कृष्णा यादव सहित हॉकी प्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और अच्छे प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

### चार नेशन टूनामेंट 25 से

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि अर्जेंटीना के रोसारियो में आगामी 25 मई से 2 जून तक आयोजित होने वाले 4 नेसन टूर्नामेंट में चार देश अर्जेंटीना, उरुग्वे, चिली और भारत भाग लेंगे। भारतीय टीम अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन करने, टीम संयोजनों का आंकलन करने और रणनीतियों को परिष्कृत करने के लिए भाग लेने वाले प्रत्येक देश के खिलाफ दो मैच खेलेगी।

# रानी राजलक्ष्मी बनीं लैंगिक उत्पीड़न निवारण समिति सदस्य

- जिले के सभी थानों व चौकियों में लैंगिक उत्पीड़न समिति का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने और उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थानों व चौकियों में लैंगिक उत्पीड़न निवारण समिति का गठन किया गया है।



महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून का सख्ती से पालन कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माने जा रहे समिति में शहर की किल्लापारा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता रानी राजलक्ष्मी तिवारी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। बीते कई सालों से महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, नशा मुक्ति, घरेलू हिंसा और सामाजिक न्याय जैसे विषयों पर सक्रियता से कार्य, अनुभव और समाज में प्रतिष्ठा को देखते हुए उन्हें समिति में शामिल किया गया है ताकि महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और सुलझाया जा सके। शासन के गृह सामान्य विभाग और मबाविवि के निर्देशानुसार, लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के तहत समिति का गठन किया गया है। समिति कार्यस्थल पर उत्पीड़न की शिकायतों को गंभीरता से लेकर समयबद्ध जांच करेगी और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने का काम करेगी। इससे न केवल महिलाओं में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी बल्कि कार्यस्थलों पर एक सकारात्मक और समावेशी माहौल तैयार होगा। प्रशासन की यह सक्रियता निश्चित रूप से महिला अधिकारों की रक्षा की दिशा में सराहनीय कदम है।

# जंगलपुर में पदस्थ सीएचओ की आत्महत्या, बनी जांच कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के छुईखदान ब्लाक के जंगलपुर आरोग्य मंदिर में पदस्थ सीएचओ आरती यादव के आत्महत्या प्रकरण की जांच को लेकर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

छग राज्य एनएचएम कर्मचारी संघ और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ संयुक्त ने इस मौत को एक मां की नहीं, पूरी व्यवस्था की हार और छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सीएचओ की मौत को प्रशासन की विफलता बताते हुए गंभीरता से जॉच की मांग की जिसके बाद आनन फानन मे प्रशासन ने अपर कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर रेणुका रात्रे, एसडीएम अविनाश ठाकुर, एसआई बिल्किस खान और बीएमओ डॉ विवेक बिसेन को बतौर सदस्य नाामित कर जॉच कमेटी का गठन किया है और सात दिनों में प्रतिवेदन पेश करने कहा है। जय स्तंभ चौक मे आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे जिलाध्यक्ष हंसाराम वर्मा, हेमंत साहू, अंजली राणाड़े, मनीषा अंडन, भूमि सिंहा, कमलेश जांगड़े, विनोद रावटे, ऋषि सिंह, डीएन श्रीवास्तव, नेहा टंडन, हरिओम शर्मा, कमलेश साहू, सुरेश मंडावी, मनीषा वर्मा,नेहा चंदेल सहित अन्य ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पदस्थ कार्यरत सीएचओ आरती यादव के आत्महत्या ने स्वास्थ्य प्रणाली की क्रूर सच्चाई को उजागर किया है। ड्यूटी के लिए समर्पित महिला ने अफसरों की मानसिक प्रताड़ना के चलते आत्महत्या कर ली। यह त्रासदी केवल एक मौत नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता का चीत्कार है।

### अधिकारियों ने मानसिक रूप से किया प्रताड़ित

संघ सदस्यो ने कहा कि एक साल के मासूम बच्चे की मां आरती यादव ने एक महीने पहले अपने पति को दुर्घटना में खोने के बाद अवकाश मांगा, लेकिन उसे अधिकारियों ने नकार दिया। दुर्ग से दूर अकेले केंद्र में बिना सहकर्मी की सेवा देने वाली आरती को विभाग ने अनगिनत जिम्मेदारी दे दी थी। पति की मृत्यु के बाद केंद्र बंद होने पर सुशासन तिहार में शिकायत हुई जिससे उच्च अधिकारियों ने उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पता चला है कि सीएचएमओ आफिस में पदस्थ एक अधिकारी ने उसे फोन पर जमकर लातड़ लगाते हुए फटकार दिया जिसके चलते वो मानसिक तनाव मे आ गई थी वही आर्थिक संकट ने उसे तोड़ दिया। एक महीने का वेतन, तीन महीने का कार्य आधारित भुगतान और केंद्र के लिए फंड सब रोक दिया गया। स्थानांतरण की कोशिशें संविदा शोषण की भेंट चढ़ गई। हाल ही में जारी कार्य दायित्व ने सारा बोझ उस पर डाल दिया, चार लोगों का काम अकेले करने का दबाव दिया और दो-तीन दिन पहले वेतन कटौती की धमकी ने उसकी सारी बची खुची उम्मीद छीन ली। संघ ने उचित कार्यभार, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और संविदा शोषण के अंत की मांग करते हुए बताया कि संघ द्वारा लगातार सीएचओ के नियमितीकरण, स्थानांतरण सहित विभिन्न मांगों के निराकरण को लेकर निरंतर प्रयास कर रहा है। स्वास्थ्य मंत्री, महिला बाल विकास मंत्री, मिशन संचालक सहित कई आला अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया जिसके बाद महिला सुरक्षा को नजर में रखते हुए मबाविवि मंत्री द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को मांग पूरा करने पत्र प्रेषित किया गया, लेकिन अभी तक धरातल में किसी भी प्रकार की कोई कारवाई नजर नहीं आई जिसके कारण भविष्य में इस प्रकार के हादसों की संभावना बढ़ गई है। संघ का कहना है कि प्रदेश के 35 सौ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी इस हादसे से आक्रोशित हैं। अगर शासन समय रहते उचित संज्ञान नहीं लेता तो संघ प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन का आगाज करेगा।

### जल्द प्रतिवेदन सौंपा जाएगा

मामले में मृत महिला सीएचओ के परिजनों का बयान हो गया है। प्रक्रिया जारी है, कार्यलयीन स्टाफ और मैदानी अमले से बयान लेने के बाद जल्द प्रतिवेदन सौंपा जाएगा।

- सुरेंद्र सिंह ठाकुर एडीएम

# महासमुंद जाएंगे वाहन चालक संघ सदस्य, शनिवार को होगा अधिवेशन

**खैरागढ़।** छग शासकीय वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी संघ के शनिवार 24 मई को महासमुंद में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में जिले से बड़ी संख्या में संघ सदस्य शामिल होंगे।

संघ के जिलाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने बताया कि आल इंडिया गर्वमेंट ड्राइवर कन्फेडरेशन नई दिल्ली से संबंद्ध छग वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी संघ द्वारा महासमुंद में शंकराचार्य सभागार में राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया गया है। दोपहर बारह से तीन बजे तक चलने वाले अधिवेशन के मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय, विशेष अतिथि विधानसभ अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरूण साव होंगे वही विशिष्ट अतिथियों के रूप में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, सांसद रूपकुमारी चौधरी, छग बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, विधायक योगेश्वर राजू सिंहा, नपा अध्यक्ष निखिलकांत साहू, संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वाई नागेश्वर राव, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा और संघ संरक्षक एमएच खान शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने बताया कि सरकारी कार्यालयों में कार्यरत वाहन चालकों की समस्याओं, उपेक्षा को लेकर चर्चा होगी वही संघ की मजबूती के लिए भी वरिष्ठ मार्गदर्शन देंगे।

# निर्माणाधीन अंडरब्रिज का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** जिले में निर्माण एवं विकास कार्यों को गति प्रदान करने कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बुधवार सुबह राजनांदगांव शहर में गौरीनगर एवं चिखली में लगभग 16 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन रेलवे क्रासिंग अंडरब्रिज का निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने रेलवे क्रासिंग अंडरब्रिज के निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। सब इंजीनियर ने बताया कि बारिश के बाद एक माह में अंडरब्रिज का कार्य पूर्ण हो जाएगा। कलेक्टर ने मोतीपुर में अंडरब्रिज के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



उन्होंने सड़क निर्माण का भी अवलोकन किया और सड़क निर्माण का कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय-सीमा में पूर्ण करने कहा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, सब इंजीनियर रेलवे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ठेलकाडीह में शिविर, हितग्राही हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सुशासन तिहार अंतर्गत ब्लाक के ठेलकाडीह में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिपं सभापति भुनेश्वरी जीवन देवांगन, पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष खम्हन ताम्रकार, जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

- शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे क्षेत्र के ग्रामीण

छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र की विधिवत पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में 662 आवेदन मिला जिसमें 647 मांग और 15 शिकायत से संबंधित थे। तेज गर्मी में भी जनता की सुविधा को सर्वोपरि मानते हुए शिविरों के माध्यम से सेवा दे रहे अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों की सराहना करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि 40 डिग्री तापमान में भी यह सब पूरी निष्ठा से सेवा कर रहे हैं ताकि आम जनता को दफ्तरों का चक्कर ना लगाना पड़ें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की योजनाएं जमीनी स्तर तक असरदार ढंग से पहुँच रही हैं, जिससे किसानों, महिलाओं और युवाओं को विशेष लाभ मिला है।



### त्वरित समाधान की दिशा में बेहतर प्रयास

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार को एक अभिनव और जनोन्मुखी पहल बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने महज डेढ़ साल के कार्यकाल में ही सुशासन के जरिए जनता से सीधे संवाद स्थापित कर समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उन्होने कहा सुशासन तिहार न केवल एक योजना है, बल्कि यह सरकार और आमजन के बीच की दूरी को कम करने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। इसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी सीधे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और मौके पर ही निराकरण कर रहे हैं। जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भविष्य की गंभीर चुनौती है और इसके समाधान के लिए हर नागरिक को जागरूक होना पड़ेगा। वर्षा जल संचयन, तालाबों का पुनरुद्धार और भू जल संरक्षण जैसे उपायों को जन आंदोलन बनाना होगा।

### हितग्राहियों को मिला सामान

जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने सुशासन तिहार के तीनों चरणों की जानकारी देते हुए कहा कि पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन लिया गया। दूसरे चरण में लगभग आवेदनों का निराकरण और तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। तिहार को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए ऑनलाईन पोर्टल बनाया गया है। शिविर में 5 किसानों को अरहर बीज, 5 को सब्जी मिनी किट, 9 को केसीसी योजना तहत ऋण, 3 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, 5 को महाजाल, 5 को आयुष्मान वय वंदना कार्ड, 3 को राशनकार्ड, 6 को जॉब कार्ड और 3 हितग्राहियों को श्रम कार्ड प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही 3 स्कूलों को गणित विज्ञान किट दिया गया।

## महतारी को भाजपा कर रही मजबूत: विक्रांत

# पैलीमेटा शिविर में 5409 आवेदन का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

सुशासन तिहार अंतर्गत गुरूवार को पैलीमेटा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष खम्हन ताम्रकार, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार, डीएफओ नीरज राजपूत आदि उपस्थित थे। अतिथियों ने मां भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जवलित किया। शिविर में पैलीमेटा, ठाकुरटोला, जीराटोला, मानपुर, चकनार, सिंगारपुर, भदेरा सहित सोलह गांव के ग्रामीण समस्या के निदान के लिए पहुंचें थे। इस कलस्टर से कुल 5440 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 5409 का निराकरण हो चुका है। शेष 31 आवेदन का समाधान होना शेष है।

### जल संरक्षण पर जोर

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह एवं डीएफओ नीरज राजपूत ने उपस्थित ग्रामीणों को वर्षा जल का महत्व तथा पानी की होने वाली समस्या से अवगत कराते हुए जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रत्येक प्रधानमंत्री आवास में एक सोखता गड्ढा बनाने लोगों से अपील किया। श्री राजपूत ने दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहन कर वाहन चलाने की अपील किया। शिविर में मछली जाली, जाब कार्ड, अरहर बीज, सेनेटरी नैपकीन आदि वितरित किया गया। प्रधानमंत्री तीर्थ यात्री एवं किसान सम्मान निधि पाने वालों को सम्मानित किया गया।



### उदयपुर में शिविर आज

सुशासन तिहार अंतर्गत कल शुक्रवार को समाधान शिविर का आयोजन उदयपुर में किया जायेगा। यहां जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल होकर ग्रामीणों की समस्या का समाधान करेंगे।

### शामिल हुए जनप्रतिनिधि

शिविर में युवराज पटेल, कांशीराम पोर्ते, अनुज साहू, कुमार पाल, मोहन पटेल, देवलाल साहू, मुलचंद नायक, डा डेरालाल मसखरे, अंजु वर्मा, रामगुलाल रजक, प्रकाश जंघेल, दूजेराम वर्मा, डोमारसिंह भेडिया, अनुविभागीय अधिकारी अविनाश ठाकुर, तहसीलदार नेहा ध्रुव, सीईओ रवि कुमार पटेल, बीएमओ मनीष बघेल, अनुविभागीय कृषि अधिकारी वीरेन्द्र डहरिया, सीके उनके, मोहित बजरंग, नीतीश शर्मा, तीरथ साहू, शारदा, नरेश धुर्वे, चन्द्रकुमार, अमरलाल, कुंवरियां गंगाराम, बोधन मेरावी, जंगलदास, रमशिला, दुखुराम, संजू सिंह खुशरो, अशोक साहू, कुमार पाल, प्रेमलाल साहू, कांशीराम पोर्ते, नरेश धुर्वे, केशलाल मंडावी, अमन झारिया, लालचंद पटेल, लोकेश जंघेल, लालाराम, अशोक साहू, कंसराम, कमलेश साहू, गयाराम, तेजनाथ ठाकुर आदि शामिल हुए।

### शिविर से मिलेगी राहत

सभा को संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में ग्रामीणों को समस्या के समाधान के लिए दफ्तरों में भटकना नहीं पड रहा है। प्रशासन गांव में शिविर लगाकर समस्या का समाधान कर रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लगभग साढ़े तीन हजार आवास की स्वीकृति हुई है। कोमल जंघेल ने कहा भाजपा सरकार प्रत्येक गांव, प्रत्येक व्यक्ति के विकास के लिए कटिबद्ध है। विभिन्न योजना से क्षेत्र का विकास हो रहा है। आने वाले समय में अन्नपूर्णा मंदिर, चोरडाधाम मंदिर का विकास तथा चिकित्सालय का दर्जा बढ़ाया जाएगा। खम्हन ताम्रकार ने कहा कि किसानों के संघर्ष और एकमत से ठाकुरटोला धान खरीदी केन्द्र बन गया है। अब पैलीमेटा में जिला सहकारी बैंक खोलने का प्रयास किया जा रहा है।

### बेलगांव में समाधान शिविर

**राजनांदगांव।** सुशासन तिहार अंतर्गत गुरुवार को जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत बेलगांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे शामिल हुए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने जल संरक्षण की शपथ दिलाई। शिविर में ग्राम पंचायत बेलगांव, ठाकुरटोला को, कोलेन्द्रा, नागतर्रा, घुसेरा, हरनसिंधी, अछोली, करवारी, माड़ीतराई, जटकन्हार, पलान्दुर, कुसमी, छीपा, कोलिहापुरी छी के ग्रामीणों से प्राप्त मांगों एवं शिकायतों के संबंध में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड के हितग्राहियों को केसीसी ऋण चेक का वितरण किया गया। शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हिराराम वर्मा, जनपद सदस्य प्रतिमा खरे, जनपद सदस्य गुलशन कुमार लिलहारे, सरपंच ग्राम पंचायत बेलगांव कौशल चंद्रवंशी, एसडीएम मनोज मरकाम, जनपद सीईओ आलोक राजपुते सहित अन्य ग्रामों के सरपंच, पंच, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## सार समाचार

### खड़गांव व आतरगांव में समाधान शिविर आज

**मोहला।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत कल 23 मई को जनपद पंचायत मानपुर के ग्राम पंचायत खड़गांव और जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत आतरगांव में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभिन्न योजनाओं से अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। शिविर में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने ग्रामीणजनों को शिविर में उपस्थित होने अपील की है।

### संभाग का दर्जा दिलाने सीएम प्रयासरत : वैष्णव

**राजनांदगांव।** जनहित मोर्चा के सचिव घनश्याम दास वैष्णव ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजनांदगांव को संभाग का दर्जा दिलाने प्रयास किया जा रहा है, जो महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें कवर्धा, खैरागढ़, मोहला व बालोद को शामिल किया जाना है। मोहला, खैरागढ़ अलग होने से जो व्यापार प्रभावित हुआ है, वह पुनः स्थापित हो जाएगा। संपूर्ण संभाग की जनता को संभाग मुख्यालय आना होगा। पूर्व में जनहित मोर्चा द्वारा संभाग बनाने की मांग की गई थी। उक्त महत्वाकांक्षी प्रयास के लिए जनहित मोर्चा सराहनीय पहल मानती है।

### महापौर पीएमश्री सर्वेश्वर दास विद्यालय के समर कैम्प समापन समारोह में हुए शामिल

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव पीएमश्री सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में बच्चों के लिए आयोजित समर कैम्प के समापन समारोह में शामिल हुए। महापौर



मधुसूदन यादव ने समर कैम्प में प्रतिभागी बच्चों को मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान कर उत्साहवर्धन किया तथा समर कैम्प में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में चेयरमेन नगर पालिक निगम राजा माखीजा, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी ने भी बच्चों को संबोधित किया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बच्चों को समर कैम्प में कैरियर गाईडेंस के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने प्रेरित किया।

## डॉ.रमन ने किया 25 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन

# नालंदा परिसर आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान आज ऊर्जा पार्क में नगर विकास के अंतर्गत लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज लगभग 30 लाख रुपए लागत के पुष्पवाटिका में निर्मित फिश एक्वेरियम का लोकार्पण किया। इसके साथ लगभग 12 करोड़ रुपए लागत के नालंदा परिसर तथा लगभग 12 करोड़ रुपए की लागत से मूलभूत सुविधा के तहत रोड, नाली, सामुदायिक भवन, मंच, उद्यान, प्रवेश द्वार, शेड निर्माण सहित विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि नालंदा परिसर राजनांदगांव के लिए ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि नालंदा परिसर छत्तीसगढ़ के कुछ ही जगहों पर है। उन्होंने कहा कि 500 बच्चे एक साथ बैठकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि दंतेवाड़ा और रायपुर के तर्ज पर छात्र-छात्राओं को नालंदा परिसर की सौगात मिलेगी। यह



परिसर 24 घंटे चलने वाला परिसर होगा। इसमें 500 बच्चे अध्ययन कर सकेंगे। सीजीपीएससी, यूपीएससी, व्यापम और बहुत सारे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने स्वागत उद्बोधन देते बताया कि लगभग 25 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने बताया कि शहर में लगभग 12 करोड़ रुपए की लागत से नालंदा परिसर बनेगा। इसमें 500 बच्चे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयार कर सकेंगे। यह 24 घंटे संचालित होगी। यहां 2 लेक्चर हॉल का निर्माण किया जाएगा। 10 हजार किताबों की लाईब्रेरी होगी। 50 सीटर इंटरनेट सहित कम्प्यूटर होंगे। जिससे बच्चें ऑनलाईन पढ़ाई कर सकेंगे। यह भवन पूर्ण रूप से वातानुकुलित होगी। उन्होंने बताया कि पुष्पवाटिका में निर्मित फिश एक्वेरियम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, अध्यक्ष पर्यटन मंडल नीलू शर्मा, कोमल सिंह राजपूत, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, खूबचंद पारख, रमेश पटेल, दिनेश गांधी, राजेन्द्र गोलछा, संतोष अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित थे।

### 24 घंटे खुला रहेगा

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि विकास के नए आयाम और नए दरवाजे खुल रहे हैं। नई पीढ़ी के निर्माण के लिए नालंदा परिसर बड़ा कारगर सेंटर बनेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि नालंदा परिसर जब किसी शहर में आ जाए तो हजारों युवकों में परिवर्तन लाता है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव के विकास के बड़े कार्यों में मेडिकल कॉलेज, स्टेडियम के साथ अब नालंदा परिसर जुड़ जाएगा। नालंदा परिसर बनने से युवा पीढ़ी के निर्माण का कार्य होगा। नालंदा परिसर 24 घंटे खुला रहेगा। यहां हजारों बच्चे रजिस्ट्रेशन कराएंगे। इस नालंदा परिसर से हजारों बच्चे सीजीपीएससी, यूपीएससी, पुलिस, शिक्षक, आईआरएस जैसी विभिन्न भर्ती एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। इस नालंदा परिसर में इंटरनेट से कनेक्ट 50 कम्प्यूटर और लैपटॉप रहेंगे और दुनिया की सारी जानकारी यहां से ले सकेंगे। यह रायपुर के नालंदा परिसर जैसे होगा। वहां के हजारों बच्चे अलग-अलग परीक्षाओं में पास हो चुके है। आने वाली पीढियों के लिए नालंदा परिसर बहुत महत्वपूर्ण सौगात होगी।

## अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस 31 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस पर 31 मई को धुम्रपान एवं नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जनचेतना विकसित करने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। तम्बाकू या तम्बाकूयुक्त निर्मित विभिन्न उत्पादों के सेवन से सभी वर्गों में गंभीर व्याधियां होती है, जो सभी के लिए चिंता का विषय है। जनसामान्य में धुम्रपान और तम्बाकू सेवन करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण लाने एवं इसके विरूद्ध व्यापक जन चेतना विकसित करने हेतु जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, विभागों एवं अन्य संस्थान के सहयोग से नशापान के दुष्परिणामों को प्रचारित करने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### नामांकन 31 जुलाई तक

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन व आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 तक है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश के बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार बच्चों के बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवाओं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला, संस्कृति और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त नवाचार के लिए दिया जाता है।

# गुपचुप खिलाने के बहाने नाबालिग से कुकर्म, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक नाबालिग को गुपचुप खिलाने के बहाने अपनी बाइक में बिठाकर अधेड़ ले गया और कुकर्म किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।




पुलिस सूत्रों के मुताबिक 22 मई को थाना घुमका के शून्य अपराध धारा 64(1), 64 (2) (1) बीएनएस 4(1), 6 पाक्सो एक्ट में प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग बहन के साथ आरोपी अंगद साहू गुपचुप खिलाने के बहाने अपने मोटर साइकिल से एक साबुन फैक्ट्री टेडेसरा के पास खंडहर में ले जाकर जबर्दस्ती बलात्कार किया है। घटनास्थल साबुन फैक्ट्री टेडेसरा थाना सोमनी क्षेत्रांतर्गत का होने से थाना सोमनी में असल नंबरी अपराध धारा- 64(1), 64 (2) (1) बीएनएस 4 (1), 6 पाक्सो एक्ट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### मोटर साइकिल जब्त

पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में थाना सोमनी पुलिस की टीम गठित कर नाबालिग पीड़िता से बलात्कार करने के आरोपी अंगद साहू 52 वर्ष साकिन मोखला को विधिवत गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को जब्त कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया। आरोपी अंगद साहू को तत्काल पकड़ने में थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, उपनिरीक्षक मो. प्रमोद श्रीवास्तव, सहायक उपनिरीक्षक नंदिनी ठाकुर, महिला प्रधान आरक्षक मायासिंह गौर, आरक्षक बेनूराम नेताम, महिला आरक्षक ममता टोप्पो व समस्त थाना सोमनी स्टाफ की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# एक कदम प्लास्टिक मुक्त विकासखंड बनाने की ओर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त ग्राम व ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में विकासखंड अंबागढ़ चौकी द्वारा प्लास्टिक कचरा प्रबंधन जिससे पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करना और मानव स्वास्थ्य की रक्षा करना, प्लास्टिक कचरे के प्रदूषण को कम करना, प्लास्टिक कचरे को रिसाइकल एवं पुनः उपयोग में लाने हेतु प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन ईकाई चिल्हाटी में लिंकेज 10 ग्राम पंचायतों के स्वच्छताग्रही दीदीयों के माध्यम से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कर कचरे को अलग-अलग कर प्लास्टिक सिंगल यूज प्लास्टिक जिसमें डिस्पोजल, प्लास्टिक से बनी दोना पत्तल, प्लास्टिक पानी बोतल, चिप्स रेपर इत्यादि प्लास्टिक से बने हुए कचरे को मणी कंचन स्व सहायता समूह के द्वारा कबाड़ वाले से अनुबंध कर प्लास्टिक को अलग कर राधे टायर्स सुशील ट्रेडर्स, रविदास नगर वार्ड क्रं.22 जेल रोड डोंगरगढ़ कबाड़ वाले को बेलिंग मशीन द्वारा प्लास्टिक की गट्टा बनाकर बेचा गया।

प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में गांवों का प्लास्टिक कचरा कम कर गांव को स्वच्छ एवं सुंदर कर प्लास्टिक से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला है। जिससे स्वच्छताग्रही दीदीयों को रोजगार के साथ अच्छी आय प्राप्त हो रही है। प्लास्टिक प्रदूषण में सबसे बड़ा योगदान प्लास्टिक की थैलियों का होता है। ये 100 साल तक भी सड़ता-गलता नहीं है।

# कर्मचारियों की मांगों पर दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने आमरण अनशन स्थल पर पहुंचकर कर्मचारियों की मांगों का पूर्ण समर्थन किया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में राजनांदगांव नगर पालिका निगम कार्यालय के समक्ष गेट के पास राजनांदगांव के कर्मचारियों को समय पर वेतन एवं भविष्य निधि राशि की नियमित जमा करने, उच्च न्यायालय के आदेश के तहत कर्मचारियों का स्थायीकरण करने एवं रिटायर कर्मचारियों का बकाया राशि भुगतान करने, जनता की समुचित पेयजल, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर 26 मार्च को शासन-प्रशासन को पत्र दिया गया है, परन्तु आज तक किसी भी प्रकार की चर्चा एवं ध्यान नहीं दिया गया।

अंततः आमरण अनशन बैठने का निर्णय 19 मई को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष प्रेमनारायण वर्मा द्वारा जनता के हित को लेकर आमरण अनशन बैठे हैं। पूर्व में 10 अप्रैल को भी जनता के मुद्दों को लेकर आमरण-अनशन बैठा था, जिसे महापौर मधुसूदन यादव एवं अध्यक्ष व अधिकारियों द्वारा 11 अप्रैल को धरनास्थल पहुंचकर 12 सूत्रीय मांगों पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन के साथ उपरोक्त आमरण नींबू पानी पिलाकर समाप्त कराया गया था, लेकिन महापौर द्वारा एवं उच्च अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार का कोई सार्थक पहल




नहीं कराया गया। जिससे कर्मचारियों एवं आम जनता में रोष व्याप्त है।

कांग्रेस पार्षद एवं नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले द्वारा आमरण-अनशन स्थल पर पहुंचकर श्री वर्मा का हालचाल पूछा एवं कर्मचारियों की 12 सूत्रीय मांगो पर पूर्ण समर्थन दिया। धरना स्थल पर विभिन्न कर्मचारी संगठन एवं विभिन्न संगठन के पदाधिकारीगण, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ समेत दुर्गाराम साहू, चन्द्रिका प्रसाद सिन्हा, केआर साहू, मेघदास वैष्णव, बसंत साहू, अशोक मारकंडे, क्रिष्टोफर पॉल, परसराम, ललित कुमार साहू, बाबूलाल साहू, मन्नूलाल साहू, खुमानलाल साहू, राम यादव, रामजी साहू, दुर्गा प्रसाद दुबे, युधिष्ठिर साहू, रामेश्वर देवांगन, विष्णु देवांगन, सुनील देवांगन, विरेन्द्र प्रजापति, अक्षय नेताम, रवि देवांगन, भुनेश्वर निषाद, धन्नालाल सहित अन्य लोगों ने अपनी उपस्थिति देकर मांगों पर समर्थन दिया। उपरोक्त जानकारी अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद सिन्हा ने दी।

# प्रदेश सरकार का कोई विजन नहीं, लूट रही है आम जनता

- बिजली कटौती से हर कोई परेशान-देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गिरीश देवांगन ने आरोप



लगाया है कि प्रदेश में शासन का कोई विजन देखने को नहीं मिल रहा है। आम जनता से लेकर किसान पूरी तरह से शासन की नीतियों से परेशान होने लगी है। प्रदेश में बिजली कटौती किए जाने से हम लोगों को पेयजल जैसी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। किसानों को भी भरपूर बिजली नसीब नहीं हो पा रही है।

श्री देवांगन ने आरोप लगाया है कि शासन के गलत नीतियों के कारण प्रदेश के किसानों को आज समर्थन मूल्य का लाभ तक नहीं मिल पा रहा है।

एक दिवसीय राजनांदगांव प्रवास पर पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गिरीश देवांगन ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद से ट्रिपल इंजन की सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। आम जनता की सुनवाई नहीं हो पा रही है। केंद्र सरकार की यह योजना प्रदेश में पूरी तरह से फ्लॉप हो चुकी है। पूरी गर्मी के दिनों में ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं। केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना पूरी तरह से प्रदेश में ठप पड़ी हुई है।

### सुशासन तिहार के नाम पर मात्र खानापूर्ति

श्री देवांगन ने आरोप लगाया कि सुशासन तिहार के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। प्रदेशभर में अधिकारी राज नजर आ रहा है। सुशासन तिहार के दौरान आम जनता विकास की पूरी तरह से पोल खोल रही है। कुल मिलाकर प्रदेशभर में भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

### मनरेगा को प्रदेश में कर दिया गया खत्म, बढ़ेगा पलायन

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गिरीश देवांगन ने आरोप लगाते कहा है कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, उसके बाद से आम लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। मनरेगा जैसे कार्यों को पूरी तरह से विराम लगा दिया गया है। जबकि यह योजना बनाने के पीछे पलायन रोकने का प्रमुख कारण था। मनरेगा से जुड़कर लोग अपने क्षेत्र में विकास के लिए काम करते थे और लाखों लोगों को रोजगार मिलता था।

### रजिस्ट्री व नामांतरण की प्रक्रिया भी पूरी तरह से पारदर्शी नहीं

श्री देवांगन ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार द्वारा भले ही आम जनता को राहत पहुंचाने रजिस्ट्री के साथ नामांतरण की प्रक्रिया को सरल बनाने की कोशिश की गई हो, लेकिन यह प्रक्रिया पूरी तरह से समझ परे है। गलत नामांतरण होने की स्थिति में इसकी अपील कहां पर लोग कर सकेंगे।

## छात्रवृत्ति के लिए 30 सितंबर तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा शिक्षा वर्ष 2025-26 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कालेज, आईटीआई, पालिटेक्निक, कृषि, उद्यानिकी, फॉमेसी एवं अन्य संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से ऑनलाइन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन आमंत्रित की गई है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्र विद्यार्थी 30 सितम्बर तक नवीन तथा 31 अगस्त तक नवीनीकरण आवेदन वेबसाईट पर ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।



योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000
Resume Whatsapp करें
7489534456
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
haribhoomiraj@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, दुर्गा चौक के पास, राजनांदगांव

# म्यूल एकाउंट मामले में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बैंक खाता का उपयोग अनैतिक लेनदेन व सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का उपयोग करने एवं संर्वधन करने में उपायोग हेतु बिक्री करना पाए जाने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना घुमका के अपराध क्रमांक-11/25 धारा-317(2), 317(4), 317 (5), 111, 3 (5) बीएनएस के पूर्व में गिरफ्तार आरोपी देवव्रत निषाद के मेमोरेंडम कथन अनुसार थाना से टीम तैयार कर डोंगरगढ़ रवाना किया गया। आरोपी मो. अरशद खान जो कायमी दिनांक से फरार था, को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा देवव्रत निषाद




का खाता को नावेद खान जियाउल हक को 20000 में बेचना पाया गया है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा घुमका का खाता को बिक्री कर बैंक खाता का उपयोग अनैतिक लेनदेन व सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का उपयोग करने व संर्वधन करने में उपयोग हेतु बिक्री करना पाया गया है, जिसे 22 मई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। प्रकरण के शेष आरोपियों की पतातलाश जारी है।



### किसान देश की रीढ़ हैं, उनके कठिन परिश्रम का सही मूल्य मिलना जरूरी : बोहरा

# विधायक भावना के प्रयासों से गन्ना उत्पादक किसानों के खाते में 20.27 करोड़ का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पण्डरिया क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों के लिए आज का दिन राहत और खुशी भरा रहा। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सतत प्रयासों और



राज्य सरकार के सहयोग से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पण्डरिया द्वारा कुल 20.27 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान 5333 गन्ना विक्रेता कृषकों को किया गया। यह भुगतान गन्ना पेराई सत्र 2024-25 के तहत एफआरपी 315.10 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी गई गन्ने की राशि के रूप में जारी किया गया है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक महेन्द्र सिंह सवन्नी के सहयोग से संभव हुई, लेकिन इसके पीछे सबसे प्रमुख भूमिका पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की रही, जिन्होंने लगातार शासन-प्रशासन से संपर्क कर किसानों को उनका हक दिलाने का कार्य किया। किसानों को अब शेष राशि का भुगतान भी शीघ्र मिलेगी। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने यह सुनिश्चित किया कि गन्ना उत्पादक किसानों को उनके श्रम का पूरा मूल्य समय पर मिले। उन्होंने समय-समय पर शक्कर कारखाने के प्रबंधन, विभागीय अधिकारियों और शासन के उच्च पदाधिकारियों से संवाद कर किसानों के भुगतान में आ रही अड़चनों को दूर करवाया। किसानों की समस्याओं को उन्होंने मजबूती से उठाया, जिसके सकारात्मक परिणाम आज सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक भुगतान नहीं, बल्कि किसानों के आत्मसम्मान और विश्वास की पूर्ति है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पण्डरिया क्षेत्र के प्रत्येक किसान, श्रमिक और आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगी। भविष्य में भी क्षेत्र के किसानों के हितों के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा, ताकि खेती लाभ का सौदा बने और किसान सशक्त बन सकें।



#### किसानों की कठिन परिश्रम का सही मूल्य मिलना बेहद जरूरी

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं, और उनके कठिन परिश्रम का सही मूल्य मिलना बेहद जरूरी है। गन्ना उत्पादक किसानों के लिए यह एक अहम कदम है, क्योंकि समय पर भुगतान से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। यह केवल एक आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि हमारे किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और जनप्रतिनिधि के रूप में मेरी जिम्मेदारी का भी परिचायक है। पंडरिया विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, मंत्री केदार कश्यप और अन्य अधिकारियों के सहयोग से यह संभव हो सका है। मैं उनके प्रति आभार व्यक्त करती हूँ। हम लगातार यह सुनिश्चित करेंगे कि किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य समय पर मिले और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। यह मेरी प्राथमिकता है कि पण्डरिया क्षेत्र के सभी किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाए और उनका जीवन स्तर ऊंचा उठे।

#### गन्ना उपभोक्ता किसानों को शेष राशि का भुगतान किया जाएगा

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पण्डरिया के एमडी उत्तर कुमार कौशिक ने बताया कि पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना विक्रेता कृषकों से एफआरपी 315.10 प्रति क्विंटल के मान से गन्ना खरीदी की गई थी जिसका कुल भुगतान योग्य राशि 47.31 करोड़ रूपए है जिसमे से 7.85 करोड़ पूर्ण में किसानों को भुगतान किया जा चूका था। साथ ही एनसीडीसी नई दिल्ली से कारखाना निर्माण के लिए कार्यशील पूंजी ऋण 16.36 करोड़ का भी भुगतान किया गया था। गन्ना भुगतान शेष राशि रूपए 39.46 करोड़ में से 20.27 करोड़ राशि का 06 दिसंबर से 05 जनवरी 2025 तक के कुल 5333 गन्ना विक्रेता कृषकों को 315.10 रूपए प्रति क्विंटल के मान से 22 मई को जारी किया गया है एवं शेष राशि का भुगतान अतिशीघ्र किया जाएगा।

## शिव-पार्वती विवाह व राम जन्मोत्सव कथा रसपान में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में पांच दिवसीय 20 से 24 मई तक संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास पूज्या आर्या त्रिपाठी (बटूराकछार) द्वारा कथा तृतीय दिवस श्री शिव-पार्वती विवाह एवं श्री राम जन्मोत्सव कथा रसपान ग्रामीणों व भक्तजनों को कराया गया। आर्या त्रिपाठी ने राम कथा के माध्यम से बताया कि एक बार भगवान शिव और माता सती दोनों अगत्स्य ऋषि के पास कथा सुनने के लिए गए अगत्स्य ऋषि ने माता सती और भगवान शिव को देखा कितने भाव में आ गए, दिव्या आसन पर बिठाकर पूजा करने लगें। जब ऋषि अगस्त्य कथा के वक्त होकर भगवान और माता का पूजन करने लगे, तो माता सती ने सोचा, की लगता है इनका ज्ञान हमारे ज्ञान से कम है। छोटे हैं तभी तो हमारी पूजा कर रहे हैं। माता सती कहने लगी बाबा भी कहां-कहां लेकर आ जाते हैं। यह कौन सी कथा सुनाएंगे यहां पर ध्यान दीजिए सुनने से पहले श्रद्धा समाप्त हो गई। कथा समाप्त हो गई माता बैठी रही कुछ सुना नहीं। सुना किसने सुनी महेस परम सुखु मानी॥ बाबा की कथा सुनी परम आनंद में आए राम की भक्ति का वरदान दक्षिणा में दिया और चल दिए। त्रेता युग का समय है राम अवतार ले चुके हैं। जिस दंडकारण्य में बाबा कथा सुनाने आए थे, इस दंडकारण्य में सीता राम जी और लक्ष्मण जी रहते हैं। जब बाबा आकाश मार्ग से जा रहे थे, तो



भगवान की लीला पृथ्वी पर चल रही थी। बाबा ने सोचा कथा सुनकर कान तो धन्य कर लिए, अब आंख भी धन्य कर लेता हूँ। बाबा ने रघुनाथ को दिखा संभु समय तेहि रामहि देखा। उपजा हियं अति हरषु बिसेषा॥ जैसे ही शंकर भगवान को राम जी दिखाई पड़े बाबा कहने लगे सच्चिदानंद भगवान आपकी जय हो जय जयकार करके चले। सती माता ने कथा सुनी नहीं उन्हें पता ही नहीं कि भगवान रो भी थे, उनकी पत्नी के हरण के बाद। भगवान ने जय जयकार करके प्रणाम किया। माता सती ने मन में सोचा क्या यह भगवान है। भगवान क्या अपनी पत्नी के लिए कभी रोते हैं। क्या और यह भगवान है, तो इनको अपनी पत्नी के बारे में पता नहीं होगा क्या, नहीं यह भगवान नहीं है, अनेक प्रकार से समझाया माता को समझ नहीं आई। बाबा ने कहा देवी जब आपको इतना ही संचय हो गया है तो परीक्षा ले लीजिए। मैया परीक्षा लेने गई और बाबा भजन में बैठ गए अस कहि लगे जपन हरिनामा। वहीं संगीतमय पांच दिवसीय श्रीराम कथा में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहें है।

### खबर संक्षेप

#### सियान जतन कार्यक्रम में निःशुल्क उपचार किया

**हरिभूमि कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज के नेतृत्व में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित हमर अस्पताल, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को सियान जतन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में 21 मई को आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच एवं निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान पेंशनर क्लब एसोसिएशन एवं सीनियर सिटीजन क्लब के सदस्यों की व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई। इस विशेष शिविर में 21 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी बनाए गए, वहीं 97 वरिष्ठ नागरिकों का बीपी, 49 का शुगर, 33 का हीमोग्लोबिन, 4 का मोतियाबिंद, 17 का ईएनटी नाक, कान, गला तथा 6 व्यक्तियों का गठिया एवं जोड़ संबंधी जांच किया गया। साथ ही विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजों को निःशुल्क उपचार एवं दवाइयों का वितरण किया गया।

#### इंदौरी मंडल के महामंत्री बने मनोज बंजारे

**हरिभूमि कवर्धा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय व विधायक श्रीमती भावना बोहरा तथा भाजपा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी तथा भाजपा इंदौरी मंडल अध्यक्ष खेलेश्वर साहू की अनुशंसा व सहमति से विद्यार्थी परिषद व युवा मोर्चा के विभिन्न पदों में रहे दो बार के सरपंच वर्तमान में उपसरपंच जनपद सदस्य प्रतिनिधि मनोज बंजारे को इंदौरी मंडल के महामंत्री नियुक्त किया गया।

## पीएम श्री विद्यालय में विद्यार्थियों को दी गई इलेक्ट्रॉनिक व हार्डवेयर की बुनियादी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बोड़ला में व्यवसायिक प्रशिक्षक विमल यादव द्वारा विद्यार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक और हार्डवेयर से जुड़ी बेसिक तकनीकी जानकारी एवं कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान विद्यार्थियों को निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रायोगिक गतिविधि कराकर समझाया गया जैसे बिजली के प्रकार और ट्रांसफार्मर की कार्यप्रणाली जानकारी, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड के उपयोग और संरचना को विस्तार से समझाया गया, रेजिस्टेंस, कैपेसिटर और डायोड जैसे इलेक्ट्रॉनिक घटकों का कार्य और पहचान कराई गई तथा विद्यार्थी एलईडी लाइट रिपेयरिंग की प्रक्रिया सीखी एवं सभी विद्यार्थियों ने प्रैक्टिकल सत्र में सोल्डरिंग की तकनीक का अनुभव किया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान प्रदान कर पढ़ाई के साथ स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है, ताकि वे भविष्य में स्वयं का कार्य प्रारंभ कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें। विद्यालय के व्यावसायिक प्रशिक्षकों द्वारा नियमित रूप से विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनमें आत्मविश्वास और तकनीकी दक्षता विकसित हो, यह कार्यक्रम न केवल कौशल विकास को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि वोकैशनल एजुकेशन को रोजगारमुखी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी गिरोह की जड़ तक पहुंची कबीरधाम पुलिस, मुख्य आरोपी उड़ीसा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी



गिरोह की जड़ तक पहुंचकर गांजा तस्करी के इस मामलें में पुलिस नें एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल, एसडीओपी पंडरिया भूपत भूपेन्द्र साहू एवं एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के मार्गदर्शन में कबीरधाम पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय स्तर पर सक्रिय मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध एक और बड़ी सफलता प्राप्त की गई है। 07 मार्च 2025 को थाना कुकदूर पुलिस द्वारा उड़ीसा राज्य के कोरापुट जिले के ग्राम सानदुबली निवासी आरोपी दुल्लब बिसोई पिता सुभाष बिसोई आयु 21 वर्ष को टाटा एस वाहन क्रमांक सीजी 17 केएल 4453 में अवैध रूप से लगभग 60 किलो ग्राम गांजा परिवहन करते पकड़ा गया था। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्राथमिक पूछताछ और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर उत्तरप्रदेश राज्य के मिर्जापुर जिले के थाना जिगना अंतर्गत ग्राम भिलगौर निवासी आरोपी दयाशंकर यादव पिता छोटेलाल यादव आयु 51 वर्ष की भूमिका भी इस संगठित तस्करी में उजागर हुई, जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया और वर्तमान में वह न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल कवर्धा में निरुद्ध है। मामले में आगे की गहन पूछताछ में आरोपी दुल्लब बिसोई ने यह खुलासा किया कि वह गांजा अपने गांव के समीप रहने वाले परसुराम भतरा उर्फ सूरजो उर्फ विद्याधर बत्रा के कहने पर रायपुर लेकर जा रहा था, जहां उसे यह अवैध मादक पदार्थ दयाशंकर यादव को सौंपना था। विवेचना में प्राप्त ठोस साक्ष्यों एवं संकलित तकनीकी डाटा के आधार पर आरोपी परसुराम भतरा को कबीरधाम पुलिस की टीम ने ओड़िसा जाकर हिरासत में लिया गया और पूछताछ के उपरांत उसकी सीधी संलिप्तता प्रमाणित होने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे 28 मई तक के लिए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### नीम इको क्लब ने भोरमदेव में लगाया नेचर कैंप

**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा नीम इको क्लब के छात्र-छात्राओं ने विगत दिनों भोरमदेव में नेचर कैंप का आयोजन किया। वहीं प्रधान अध्यापक दिलीप सिंह ठाकुर ने नेचर कैंप से बच्चों को प्रकृति प्रदत्त अमूल्य संपदा एवं पर्यावरण के प्रति विशेष जिम्मेदारी की। साथ ही साथ भावना मानव जीवन का प्रकृति के साथ परस्पर निर्भरता, पर्यावरण के प्रति विशेष संरक्षण की भावना शुद्ध करने नेचर कैंप का आयोजन किया गया। स्कूल में अध्यनरत 80 छात्राओ को आठ समूह में बांटकर शिक्षकों ने प्रकृति के अध्ययन करने शिक्षक विष्णुदत्त कौशिक ने वन संपदा एवं औषधि पौधों जिसमें शतावर बेलवा घाट की काली मूसली अन्य जड़ी-बूटियां से बच्चों को परिचित कराकर मानव जीवन में उसका उपयोग को विस्तार पूर्वक समझाया। वहीं शिक्षक दिलीप कुमार नागवंशी ने सकरी नदी के उद्गम स्थल जल प्रवाह एवं जल के महत्व को चित्रित किया। शिक्षिका श्रीमती नीलिमा तिवारी ने मानव जीवन में पर्यावरण का महत्व वनों से लाभ को प्रतिपादित किया। शिक्षिका मल्टी चंद्रवंशी ने प्रकृति में वायु की उपलब्धता एवं शुद्धता एवं विभिन्न गैसों की मानक उपलब्धिया की जानकारी देते पर्यावरण संरक्षण के विविध आयाम को छात्रों के बीच रखा। शिक्षक शक्ति वन दास राय ने पर्यावरण की स्वच्छता बनाए रखना कचरो के उचित निपटा न के बारे में विस्तृत जानकारी इको क्लब के कार्यक्रम में अपना अनुभव शेयर किया। प्रधान अध्यापक ने इको क्लब के पदाधिकारी को पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ भी दिलाई गई, भोरमदेव स्थित माइकल श्रेणी पर्वत के इतिहास वनों की उपलब्धता एवं जंगल सफारी एवं वन्य जीवों के बारे में विस्तर पर छात्रों को नोटबुक में लिखित रूप से नोट करवाते हुए चित्रकला शिविर में विविध प्रतियोगिताएं संपन्न कराने शिक्षकों एवं छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की राज्य गीत के सामूहिक गान के पश्चात नेचर कैंप का समापन किया गया।

## सैहामालगी से मरका सड़क पर मुरूमीकरण शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सैहामालगी से मरका के बीच मुरुम सड़क के लिए जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने दिए 6 लाख 50 हजार रूपए जिले के विकासखण्ड पंडरिया और कवर्धा को जोड़ने के लिए अति महत्वपूर्ण सड़क की आधारशिला रखने मुरमीकरण करने जिला पंचायत कबीरधाम से राशि जारी की गई है। इस मार्ग के बनने से दर्जनों गांव मुख्य मार्ग से जुड़ेंगे जिससे लोगो को आने जाने में सुविधा मिलेगी जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने बताया कि सैहामालगी से मरका के बीच सड़क निर्माण के लिए क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग वर्षो से मांग कर रहे थे। सैहामालगी सहित क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोगों को इसी रास्ते से मरका सहित पिपरिया और जिला मुख्यालय आना जाना पड़ता है। वहीं आगामी बरसात मे होने वाली सड़क की समस्या को देखते हुए सैहामालगी और मरका क्षेत्र के ग्रामीणों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी को अवगत कराया। जिस पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी के द्वारा तत्काल पहल करते हुए सड़क मुरूमीकरण के लिए जिला पंचायत विकास निधि मद से 6 लाख 50 हजार रूपए स्वीकृत किया और आज से ही तत्काल कार्य प्रारंभ किया गया ताकि वर्षा ऋतु के पूर्व कार्य पूर्ण कर लिए जाएं।

### गंदगी से अटे-पटे है सरकारी कुएं, साफ-सफाई का अभाव, ग्रामीण परेशान



**हरिभूमि बरबसपुर।** सहित ग्रामीण क्षेत्रों मे जल संकट गहराता जा रहा है। कई जगहों पर लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल पा रहा है इसके बावजूद सरकारी और सार्वजनिक कुएं बदहाल हालत में पड़े है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी व देखरेख तथा साफ-सफाई के अभाव में इनका उपयोग नही हो पा रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला के आश्रित ग्राम चंडालपुर में वर्षो पहले सरकारी कुएं का निर्माण कराया गया था। उस समय ग्रामीण इसी कुएं से पेयजल पानी लेते थे, वहीं अब कुएं में घरों से निकलने वाला गंदा पानी भर रहा है साथ ही साथ रहवासी घरों से निकलने वाली कूड़ा-कचरा भी कुएं में फेंक रहे है। जिससे पानी पूरी तरह से गंदा हो चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि कुएं की न तो साफ-सफाई होती है और न ही कोई देखरेख करता है, यही हाल अन्य कई गांवों के कुओं का भी है। अधिकतर कुएं अब गंदगी से पट चुके है। ग्रामीणों ने बताया कि कभी गांवों में कुएं तालाब और नदियों से पानी की जरूरते पूरी होती थी। अब ये सभी स्त्रोत सूखते जा रहे है, वहीं सरकारी कुएं भी लापरवाही व देखरेख के कारण विलुप्त होते जा रहे है।

### गांवों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में जुटे उपमुख्मंत्री

## बिरकोना में विकास एवं निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के विधानसभा कवर्धा अंतर्गत ग्राम बिरकोना में कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से स्वीकृत विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो का गुरूवार को विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का श्री गणेश किया गया। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, जिला पंचायत वीरेन्द्र साहू, ग्राम सरपंच मनोज साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा ग्राम बिरकोना में 5.00 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाले अटल डिजिटल सेवा केन्द्र भवन तथा 5.00 लाख की लागत से निर्मित होने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू ने कहा कि भाजपा शासनकाल में ग्रामीण क्षेत्रों का समुचित विकास हो रहा है। उन्होने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि ग्राम बिरकोना में अटल डिजिटल सेवा केन्द्र भवन का निर्माण किया जा रहा है। इस भवन के निर्मित हो जाने से यहां के ग्रामीणों को सभी प्रकार की डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध हो जाएंगी। उन्हें अटल डिजिटल सेवा केन्द्र से मिलने वाली बैंकिंग सेवाएं, नगद निकासी और जमा, धन अंतरण, बिल भुगतान बिजली और पानी के बिलों का भुगतान, सरकारी योजनाओं का लाभ पेंशन, बीमा, महतारी वंदन योजना, पीएम किसान निधि जैसी योजनाओं के लाभ, प्रमाण पत्र सेवाओं के तहत जन्म, मृत्यु, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योजनाओं के लिए आवेदन, रेलवे टिकट बुकिंग, यात्रा टिकट की बुकिंग आदि डिजिटल सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मोतीराम चन्द्रवंशी ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में बीते पांच वर्षो से जो विकास एवं निर्माण कार्यो को रोककर रखा गया था अब उनमें तेजी से कार्य हो रहा है। भाजपा की सरकार शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचलों में लगातार विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान कर लोगों को सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति वीरेन्द्र साहू ने कहा कि कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं, जो अब क्षेत्र के ग्रामों में दिखाई भी देने लगे हैं। गांवों में सड़क, बिजली, पानी, उपयोगी भवन आदि की स्वीकृति लगातार दी जा रही है और उनका भूमिपूजन तथा लोकार्पण कर ग्रामीणों को सौंपा जा रहा है।

## पेयजल की समस्या को लेकर बोर मोटर लगाने अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

- क्षेत्र के जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया



नगर पालिका पंडरिया के वार्ड क्रमांक 12 मे पूर्व सें बोर खनन कर मोटर पम्प लगाने के लिए कांग्रेस पार्षद छाया, अखिलेश सिंह ठाकुर एवं कांग्रेस नेता ललित देवांगन के साथ वार्ड़वासियों ने एकमत होकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद पंडरिया के वार्ड क्रमांक 12 मे पेयजल की भारी किल्ल्त व परेशानियों को देखते हुए उक्त वार्ड मे दीपांशु द्विवेदी के घर के पास पेयजल सप्लाई के लिए पूर्व सें एक नया बोर का खनन हुआ, लेकिन नगर पालिका प्रशासन उक्त बोर पर मोटर पम्प लगाने मे भारी उदासीनता रवैय्या व अनदेखी के कारण वार्ड़ वासियों को पेयजल की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर नगर पालिका पंडरिया के वार्ड़ क्रमांक 12 के रहवासियों ने अनुविभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारो को इस ओर ध्यान देने की अपील की गई।

**अनदेखी:** वन विभाग की निष्क्रियता और अनदेखी पर उठ रहे सवाल

# जिले के जंगलों से गायब हो रही है राष्ट्रीय पक्षी मोर की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

एक समय था जब कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला स्थित भोरमदेव अभ्यारण से लेकर कुई कुकदूर-पंडरिया के जंगलों में सुबह-सुबह मोरों की मधुर आवाज गूंजा करती थी। यहां तक की ग्रामीणों की दिनचर्या भी इसी नैसर्गिक संगीत से शुरू होती थी। लेकिन अब यह आवाज जैसे गायब सी हो गई है। बीते कुछ वर्ष पूर्व से ही अचानक जिले के जंगलों से मोर गायब हो रहे हैं। मौजूदा वक्त में स्थिति ये है कि जो मोर जिला मुख्यालय कवर्धा पंडरिया से चंद किलो मीटर दूर वनांचल के मार्गो में बड़ी संख्या में सड़क किनारे ही विचरण करते हुए दिखाई दे जाते थे या फिर उनकी आवाज सुनाई दे जाती थी वह अब जंगलों के भीतर भी नजर नहीं आते। दुर्भाग्य का विषय तो यह है कि इस बेहद गंभीर विषय को लेकर न तो वन विभाग गंभीर है और न ही शासन-प्रशासन इसे लेकर कोई गंभीरता दिखा रहा है। हद तो ये है कि जिला के वन विभाग को सही सही यह भी पता नहीं है कि वर्तमान में जिले के जंगलों में राष्ट्रीय पक्षी मोरों की कुल कितनी संख्या है। जिले में मोरों की लगातार घटती संख्या को लेकर भले ही वन विभाग और शासन-प्रशासन जो भी दलील दे लेकिन कड़वा सच यही है कि इस स्थिति के लिए कहीं न कहीं वन विभाग की अनदेखी और शासन की तुष्टीकरण की राजनीति ही जिम्मेदार है। जानकारों के मुताबिक मोर, भारत का राष्ट्रीय पक्षी है, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत संरक्षित है। इसके बावजूद कबीरधाम जैसे हरित जिले में इनकी उपस्थिति नगण्य होने का मुख्य कारण वन अधिकार पट्टा है। आज स्थिति ये है कि जिले कें जंगलों में तेजी से मानव आबादी बढ़ रही है। तथा कथित रूप से शासन द्वारा प्राप्त वन अधिकार पट्टा लेकर लोगों द्वारा धड़ल्ले से वन भूमि को खेतों में तब्दील कर जंगलों को नष्ट किया जा रहा है। वही विभागीय अनदेखी और मिलीभगत से जिले के जंगलों की अवैध कटाई भी बदस्तूर जारी है। जिले में मोरों के शिकार के भी कई मामले सामने आ चुके हैं। सूत्रों की माने तो जिले के वनांचलों के अंदरूनी ईलाकों में मोरों कुकरी (मुर्गी) की तरह मार कर खा लिया जाता है।

## जिले का वन विभाग निष्क्रिय



पशु पक्षी प्रेमियों ने जिले के जंगलों में लगातार कम हो रही मोरों की संख्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि वन विभाग इस गिरावट पर न तो कोई सर्वे कर रहा है, न ही जागरूकता फैलाने का कोई प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि विभाग के पास मोरों की वास्तविक संख्या की जानकारी नहीं है, और न ही कोई सक्रिय योजना है। पशु पक्षी प्रेमियों ने शासन-प्रशासन तथा वन विभाग से जिले में मोरों की सही संख्या पता लगाने गणना कराए जाने, गांवों, स्कूलों और किसान समूहों में जागरूकता अभियान चलाए जाने, वनांचलों में की जा रही खेती में कीटनाशकों के उपयोग पर रोक लाने और जैविक खेती को बढ़ावा दिए जाने तथा वन विभाग द्वारा क्षेत्रीय निगरानी टीम बनाकर सक्रिय निगरानी कराए जाने की मांग की है।

## पंडरिया क्षेत्र में बदौराजंगल में नाचा करते थे मोर

डेढ़ दशक पहले तक, जब बदौरा के जंगलों में वन विनाश का तांडव नहीं हो सका था तब यहां आते जाते राहगीरों को मोरों का झुंड दिख जाना आम बात थी। अंचल के लोग बताते हैं कि प्रायः सुबह अथवा शाम के समय कोदवा-पंडरिया वन मार्ग पर नाचते आवाज करते मोर दिखाई दिया करते थे। लेकिन बीते वर्षों में वन विकास निगम और वन विनाश कर्ताओं की जुगलबंदी से किसी समय में कटकटाते जंगलों और जंगली पशु पक्षियों से आबाद बदौरा आज उजड़ा चमन होकर रह गया और तभी से मोरों की प्रजाति भी लुप्त प्राय हो चुकी है।

## मोर सुरक्षा के अभाव में अपनी जगह छोड़ रहे है या फिर दम तोड़ रहे

हर तो यह है कि संरक्षित क्षेत्र कहे जाने वाले भोरमदेव अभ्यारण्य और इसके आसपास भी मोरों की संख्या में काफी गिरावट आई है। इस गिरावट के लिए कई कारण माने जा रहे हैं। जिसमें अवैध शिकार, जंगलों में अतिक्रमण, पर्यावरण बदलाव, पानी और भोजन की कमी प्रमुख हैं। जानकार बताते है कि पिछले कुछ सालों में भोरमदेव अभ्यारण्य में लोगों की आवाजाही ज्यादा हो रही है। दो पहिया, चार पहिया वाहन रोजाना सैकड़ों की संख्या में अभ्यारण से होकर गुजरते हैं। शोरगुल, लोगों के जानवरों की लाइफ में हस्तक्षेप के कारण मोर सुरक्षा के अभाव में अपनी जगह छोड़कर या तो भाग रहे हैं या फिर दम तोड़ रहे हैं। जानकारों के मुताबिक मोर ऐसी जगह ज्यादा रहना पसंद करते हैं, जहां पानी ज्यादा होता है। भोरमदेव अभ्यारण्य के आसपास काफी संख्या में पानी है लेकिन उस जगह पर लोग ज्यादा आना जाना करने लगे हैं, इस वजह से मोर वहां नहीं दिख रहे हैं। मोर की पसंदीदा जगह नदी या जलाशय के किनारे और नर्म मिट्टी वाली जगह है लेकिन अब ऐसे अनुकूल स्थानो में लोगों की बसाहट हो चुकी है।

# भाजपा सरकार कर रही संविधान का दुरुपयोग : बघेल



■ जिला कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में भूपेश बघेल शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरूवार को जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कबीरधाम जिले के ग्राम पोंड़ी से संविधान बचाओ यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया। इससे पूर्व ग्राम पोंड़ी में एक विशाल आम सभा का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा संगठन प्रभारी पदम कोठारी तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू सहित सभी ब्लॉक अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदधिकारी उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केन्द्र सरकार भारत के संविधान का दुरूपयोग कर कर रही है। संविधान के तहत शासन को मिली शक्तियों का अपने स्वार्थ के लिए दुरूपयोग कर कांग्रेस के साथ दूसरे विपक्षी दलों के नेताओं तथा आम लोगों को बेवजह झूठे मामलों में फसाया जा रहा है, उन्हें नोटिस दिया जा रहा है, उनकी गिरफ्तारी कर उन्हें जेल भेजा जा रहा है। वहीं जो इसके खिलाफ आवाज उठा रहा है उनकी आवाज को भाजपा सरकार दबाने का प्रयास कर रही है। लेकिन हमारे नेता राहुल गांधी ने संविधान बचाओ यात्रा का आगाज कर यह बता दिया है कि कांग्रेस न तो झुकने वाली है और न डरने वाली है। श्री बघेल ने कहा की जातिगत जनगणना कांग्रेस की बड़ी जीत है।

राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की बात की थी, जिसके आगे केंद्र सरकार ने घुटने टेक दिए है और जातिगत जनगणना कराने को तैयार है। महिला आरक्षण बिल की पेशकश सोनिया गांधी ने की थी, जिसे केंद्र सरकार ने लागू कर दिया लेकिन जारी नहीं किया, जातिगत जनगणना का भी आदेश जारी कर दिया है लेकिन इसे लागू कब करेंगे इसका भरोसा नहीं है।

भूपेश बघेल ने यह भी कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार संविधान को बदलने का काम कर रही है। जिसे रोकने के लिए कांग्रेस ने संघर्ष शुरू कर दिया है और इसके तहत शहर से लेकर गांव-गांव और बूथ स्तर पर भी संविधान बचाओ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। भूपेश बघेल सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सुरक्षा में बड़ी चूक का परिणाम है। इस आतंकी हमले में 26 लोगों को उनका धर्म पूछकर मौत के घाट उतारा गया है लेकिन अभी तक इस हमले को अंजाम देने वाले आतंकी पकड़े नहीं गए है।

यहां तक की देश के प्रधानमंत्री ने इस आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों से मुलाकात की है। श्री बघेल ने केन्द्र की मोदी सरकार के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी नीति के तहत काम कर रही है। कवर्धा के गन्ना उत्पादक किसानो को समय पर उनकी फसल का भुगतान नहीं मिल पा रहा है। किसान खाद, बीज और बिजली के लिए भटक रहे है लेकिन उन्हें न तो पर्याप्त खाद मिल पा रही है और न ही सरकार किसानो को सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति करा पा रही है। उन्होने कहा कि किसानो की आय दोगुनी करने की बात करने वाली भाजपा सरकार की स्थिति ये है कि वह किसानो को उसकी खून पसीने से सींची गई फसल का दाम भी सही समय पर नहीं दे पा रही है।

सभा को संगठन प्रभारी पदम कोठारी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू सहित कांग्रेस के अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवा दल के कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित सभी ब्लॉक अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में जिले भर से लोग शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### कवर्धा में समाधान शिविर का आयोजन आज

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्रथम चरण में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा एक दिवसीय समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 23 मई 2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक वीर सावरकर भवन में संपन्न होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि सभी शाखा प्रभारी अपने-अपने विभागों से संबंधित मांगों, समस्याओं और शिकायतों के निराकरण हेतु शिविर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित रहेंगे।

### डेंगू दिवस पर जन जागरूकता अभियान

**कवर्धा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के तहत वाद-विवाद, मॉडल एवं चित्रकला प्रतियोगिता, शैक्षिक कार्यशाला, जन-जागरूकता रैली तथा आयुर्वेदिक पौधों का रोपण किया गया। अभियान का उद्देश्य डेंगू की पहचान, रोकथाम एवं निदान के प्रति आमजन को जागरूक करना रहा। इस वर्ष की थीम "जांचें, साफ करें, ढंकें डेंगू को हराने के उपाय रही, जिसमें मच्छरों के प्रजनन रोकथाम पर विशेष बल दिया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज के मार्गदर्शन में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सीएमएचओ कार्यालय परिसर में नीम, लेमनग्रास, करंज, अजवाइन जैसे मच्छर-रोधी आयुर्वेदिक पौधों का रोपण किया गया।

### कुटकीपारा में समाधान शिविर का आयोजन

**कवर्धा।** जिले के सहसपुर लोहारा ब्लॉक के ग्राम कुटकीपारा में गत बुधवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सभी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा स्टाल लगाकर प्रदर्शनी लगाई गई व लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका स्थल पर ही यथा संभव समाधान का प्रयास किया गया। समाधान शिविर में सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अंचल में नहीं थम रहा मौसम का कहर

## बेमौसम बारिश व आंधी तूफान से अंचलवासी परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अप्रैल माह के शुरूआती दिनो से जारी आंधी, तूफान तथा बमौसम बारिश का सिलसिला थमने का नाम नहीं लें रहा है। प्रायः हर रोज अंचल के किसी न किसी हिस्से से बेमौसम बारिश के साथ मौसम के उत्पात की खबरें सामने आ रही हैं। हाल ही में जिला मुख्यालय कवर्धा में भीषण आंधी, तूफान, बारिश तथा ओला वृष्टि के बाद अब मौसम अंचल के सुदूर वनांचल तथा मैदानी ईलाकों में बावरा हो चला है। खबर के मुताबिक बुधवार की शाम जहां कवर्धा नगर में तेज गर्जना के साथ मूसलाधार बेमौसम बारिश देखने को मिली वहीं अंचल के मैदानी व वनांचल ईलाकों में मौसम अचानक बदल गया और आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज गर्जना के साथ आंधी तूफान शुरू हो गया। इस बीच तेज बारिश भी हुई। ग्रामीणों ने बताया कि अंचल में मौसम का यह रैवाया काफी दिनो से देखने को मिल रहा है। जिससे ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त सा हो गया है। स्थिति ये है कि मौसम बदलते ही लोगों में दहशत छा जाती है कि कब मौसम जीवलेवा न बन जाए क्योंकि इस खराब मौसम में सार्वधिक खतरा गाज गिरने का होता है और दिन के समय अधिकांश वनवासी अपने घरों से बाहर ही होते हैं। अभी कुछ दिन पूर्व ही ऐसी ही बेमौसम बारिश और आंधी तूफान के बीच कवर्धा कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम गांगपुर में कृषक दम्पत्ति की गांज गिरने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। ग्रामीण अंचलों के साथ ही बुधवार को कवर्धा में भी शाम को मौसम में जबरदस्त बदलाव देखा गया। सुबह से खिली तेज धूप के बाद मौसम दोपहर में अचानक बदल गया और आसमान में काले बादलों ने डेरा डाल लिया। ये बादल गरजे भी और जमकर बरसे भी। कवर्धा का ऐसा ही मिजाज दूसरे दिन गुरूवार को भी देखने को मिला। गुरूवार को लगभग पूरे दिन आसमान में बदली छाई रही। कुल मिलाकर देखा जाए मौसम इन दिनो पूरे अंचल में लगातार आफत बरसा रहा है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

# बाजार में पहुंचने लगी आचारी आम की खेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



माना जाता है कि बरसात शुरू होने के बाद आम पकने लगता है और वह आचार बनाने योग्य नहीं रह जाता। इन दिनों अंचल में प्रायः हर रोज बारिश हो रही है जिसे देखकर ऐसी संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही मानसून सक्रिय हो सकता है। संभवतः यही वजह है कि हाल के दिनो में हुई बारिश के बाद नगर के बाजार में आचार के आम की अचानक आवक भी बढ़ गई और मांग भी। हालांकि हर बार की तरह इस बार भी विपरीत मौसम की वजह से जिले में आम की पैदावार अच्छी नहीं हुई यही वजह है कि इस समय नगर के बाजार में जो आचार का आम पहुंच रहा है वह बाहरी बताया जा रहा है। व्यापारी मण्डला, डिंडौरी सहित दूसरे शहरों से आचार के आम की खेप लेकर नगर के बाजार में पहुंच रहे हैं। जानकारी के मुताबिक इस समय बाजार में 200 रूपए प्रति सैंकड़ा से लेकर 4-5 रूपए प्रति सैकड़ा के भाव में अलग-अलग किस्म का आम बिक रहा है। जिनकी लोगों द्वारा जमकर खरीदी की जा रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि आम का आचार बनाने में सबसे मुश्किल कार्य आम को काटना होता है लेकिन आम विक्रेताओं सहित कुछ अन्य लोगों ने इस काम को भी आसान कर दिया है। आम विक्रेताओं की दुकानों के आसपास ही कुछ ऐसी दुकाने भी लगी हैं जो खरीदे गए आम को प्रति सैकड़ा के भाव से काटने का काम कर रहे है। आचार के आम की अच्छी मांग होने के कारण इन लोगों का धंधा भी अच्छा चल रहा है। कुल मिलाकर इन दिनों नगर के बाजार में आचार के आम की जमकर पूछ परख बढ़ी है।

# सुशासन तिहार से मंगल सिंह को मिला श्रवण यंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत पण्डरिया विकासखंड के ग्राम सारपानी निवासी मंगल सिंह द्वारा श्रवण यंत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। समाज कल्याण विभाग ने सुशासन तिहार के अंतर्गत उक्त आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए आवश्यक कार्रवाई की। 21 मई 2025 को मंगल सिंह को उनका श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। यह कार्यवाही समाज कल्याण विभाग द्वारा तत्काल की गई, जिससे मंगल सिंह को उनकी सुनने की समस्या का समाधान मिल सका और वे अपनी जीवनशैली में सुधार महसूस कर सकेंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा इस प्रकार की त्वरित कार्यवाही मुख्य मंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों को बढ़ावा देने का एक उदाहरण है, जिसके तहत विशेष रूप से गरीब, वंचित और जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर सहायता प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर विभाग द्वारा इस प्रकार की योजनाओं का निरंतर संचालन किया जा रहा है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा सके।

# गुलाब कुमार डड़सेना सहायक संचालक के पद पर पदोन्नत

■ चार सहायक जनसंपर्क अधिकारियों को मिली पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर चार सहायक जनसंपर्क अधिकारियों को पदोन्नत करते हुए सहायक संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। विभागीय पदोन्नति समिति 08 अप्रैल 2025 की अनुशंसा के आधार पर विभाग द्वारा आज 22 मई को महानदी भवन, मंत्रालय से आदेश जारी किया गया। पदोन्नत होने वाले अधिकारियों में कमलेश कुमार साहू, गुलाब कुमार डड़सेना, रमेश भार्गव एवं श्रीमती रीनू ठाकुर शामिल हैं। इन सभी अधिकारियों को वेतन मैट्रिक्स लेवल-12 (56100-177500 रुपये) में सहायक संचालक पद पर पदस्थ किया गया है। पदोन्नति के पश्चात गुलाब कुमार डड़सेना ने जिला जनसंपर्क कार्यालय, कबीरधाम में सहायक संचालक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। विभागीय एवं प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करने वाले श्री डड़सेना अपने कर्मठ, सौम्य एवं संवादपरक व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं। उनके द्वारा पत्रकारों और अधिकारियों के साथ सौहार्दपूर्ण समन्वय स्थापित करते हुए जनसंपर्क गतिविधियों का कुशल संचालन किया जा रहा है। उनकी पदोन्नति की सूचना मिलते ही जिला कार्यालय में हर्ष और उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया। जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकार संगठनों, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं वेब मीडिया संस्थानों से जुड़े अनेक प्रतिनिधियों ने श्री डड़सेना को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर प्रगति की कामना की है। मीडिया प्रतिनिधियों ने उनके साथ अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि श्री डड़सेना ने स्वच्छ संवाद और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। उनके कार्य व्यवहार में अनुशासन, संवेदनशीलता और पत्रकारिता के प्रति सम्मान स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। उन्होंने हर परिस्थिति में जनसंपर्क के दायित्वों का संयम और सजगता के साथ निर्वहन किया है। श्री डड़सेना ने कबीरधाम में विभागीय, प्रशासनिक तथा लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निर्वाचनों में सौपे गए दायित्त्वों का सफल निर्वहन के लिए राष्ट्रीय पर्व के अवसरों पर कलेक्टर की अनुसंशा पर अनेकों बार सम्मानित किया जा चुका है। आदेशानुसार पदोन्नत अधिकारियों की नवीन पदस्थापना आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी।

**ग्रामीण, युवा और महिलाएं सहित कुल 53 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा**

# एक दिवसीय ग्रामीण जागरूकता प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला




ग्राम सभा की भूमिका और वन अधिकार अधिनियम को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए शिखर युवा मंच एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम बांटीपथरा में संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें ग्राम स्तरीय वन अधिकार समितियों के सदस्य, स्थानीय ग्रामीण, युवा और महिलाएं सहित कुल 53 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम सभा की वैधानिक भूमिका को समझाना, सामुदायिक वन संसाधनों के प्रबंधन की प्रक्रिया को स्पष्ट करना तथा वन अधिकार अधिनियम के तहत समुदाय को अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। प्रशिक्षण में बताया गया कि वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत ग्राम सभा को न केवल वनों के संरक्षण और उपयोग के अधिकार प्राप्त होते हैं, बल्कि वह स्वयं नियम बनाकर अपने संसाधनों का प्रबंधन कर सकती है। ग्राम सभा एक स्वतंत्र संस्था के रूप में कार्य कर सकती है, जो स्थानीय स्तर पर निर्णय ले सकती है और बाहरी हस्तक्षेप से बचाव कर सकती है। कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी सराहनीय रही। महिला सहभागिता को लेकर अलग सत्र रखा गया, जिसमें बताया गया कि वन अधिकार अधिनियम के तहत महिलाओं को व्यक्तिगत व सामुदायिक अधिकार समान रूप से प्राप्त होते हैं। साथ ही, यह भी स्पष्ट किया गया कि ग्राम सभा की बैठक में महिलाओं की उपस्थिति अनिवार्य है और उन्हें योजना निर्माण तथा निगरानी में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के दौरान गहरी रुचि दिखाई और कई व्यवहारिक प्रश्न पूछे। इससे यह स्पष्ट हुआ कि समुदाय न केवल सजग है बल्कि अब अपने अधिकारों को लेकर गंभीरता से सोचने भी लगा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम सभा को सशक्त करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल रहा। इससे प्रतिभागियों में न केवल कानूनी जानकारी बढ़ी, बल्कि सामुदायिक भागीदारी की भावना को भी बल मिला।